Ranchi ● Monday, 30 June 2025 ● Year : 03 ● Issue : 165 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

हूल दिवस आज

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published From Ranchi

पूर्वी सिंहभूम में एक स्कूल के चारों तरफ भरा पानी, बचाए गए 162 छात्र

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : झारखंड में मानसून की लगातार हो रही बारिश से जगह-जगह तबाही जैसी स्थिति पैदा हो गई है। रविवार को भी राजधानी रांची सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। वहीं कई जिलों में रुक-रुककर बारिश होती रही। लगातार हो रही बारिश से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश के कारण सड़कों से लेकर स्कूल तक में पानी भर गया है। पूर्वी सिंहभूम में भारी बारिश के कारण ऐसा कुछ हुआ कि हड़कंप मच गया। लगातार हो रही बारिश के कारण एक आवासीय स्कूल में चारों तरफ पानी ही पानी भर गया। रेस्क्यू करने के लिए प्रशासन को आना पड़ा। इस स्कूल में फंसे 162 छात्रों को बाहर निकाल लिया गया है। मामला पूर्वी सिंहभूम के कोवाली थाना क्षेत्र का है। शनिवार रात को यहां के हल्दीपोखर-कोवाली रोड पर स्थित पंडरसोली में एक स्कूल है। लगातार हो रही बारिश के कारण स्कूल चारों तरफ से पानी से घिर गया। पानी से घिर जाने के कारण बच्चे स्कूल में फंस गए। जब स्कूल डूबा तो विद्यालय प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्कूल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी प्रशासन को दी, तो प्रशासन ने बच्चों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और सभी बच्चों को बारी-बारी से बाहर निकाल लिया गया।

विद्यालय प्रशासन में मच गया हड़कंप, एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया- नाव पर बैठाकर बाहर निकाले गए सभी बच्चे

तबाही की स्थिति पैदा करने लगी लगातार हो रही झमाझम बारिश, सड़कों पर जल-जमाव, लोगों की बढ़ी परेशानी

अधिकतर जिलों में 2 जुलाई तक होगी बारिश

झारखंड के अधिकतर जिलों में दो जुलाई तक भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, जिन जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें 30 जून को राज्य के दक्षिणी-पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती एवं उत्तरी भागों में कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी और उत्तरी मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है।

लातेहार में वर्षा का कहर : पुल गिरा, बाइक नदी में बही, दर्जनों गांवों का टूटा संपर्क

लातेहार जिले में शनिवार शाम से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे क्षेत्र में तबाही मचा दी है। तेज बारिश के चलते कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट गया है। वहीं, बरवाडीह प्रखंड के कुटमू गांव में स्थित बड़का पुल टूट गया है। पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण दर्जनों गांवों का जिला और प्रखंड मुख्यालय से संपर्क कट गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह इलाके का एकमात्र मुख्य पुल था और इसके टूटने से जारम, पवही, सोहदाग, हेसलबार, माराबार समेत 12 से अधिक गांव टापू में तब्दील हो गए हैं।

मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति और व्यवस्था पर लगातार बनाए हुए हैं नजर

भारी बारिश पर हाई अलर्ट, सीएम हेमंत ने की सतर्क रहने की अपील, स्कूल बंद करने का निर्देश

झारखंड में लगातार हो रही भारी बारिश और जल-जमाव से उत्पन्न बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए राज्य में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी खुद लगातार व्यवस्था पर नजर रखे हुए हैं। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया है। इसमें लिखा है कि मौसम

विभाग द्वारा राज्य के जिलों में कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। आपदा प्रबंधन विभाग और सभी जिला प्रशासन, मौसम विभाग एवं अन्य एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर अलर्ट मोड पर रहते हुए आमजन को हर परिस्थिति में मदद पहुंचाने का कार्य करें। आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी लगातार हालात की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और सभी जिलों में राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

SARAFA

सोना	:	8,575
चांदी	:	108.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

चारधाम यात्रा एक दिन के लिए स्थगित

DEHRADUN : उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण पर्वतीय जनपदों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी-नाले उफान पर हैं। भारी वर्षा और भूस्खलन की आशंकाओं को देखते हुए चारधाम यात्रा को अगले 24 घंटे के लिए स्थगित किया गया है। यात्रियों और लोगों की सुरक्षा को लेकर संबंधित जिलों के प्रशासन को अलर्ट पर रखा गया है और राहत व बचाव दलों को सक्रिय किया गया है। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

बाहर नहीं भेजा जाएगा ब्लैक बॉक्स : मुरलीधर

NEW DELHI : अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने दी है। उन्होंने कहा कि विमान दुर्घटना एएआईबी इस मामले की पूरी जांच कर रहा है। ब्लैक बॉक्स भारत में (एएआईबी के पास) है, उसे बाहर नहीं भेजा जाएगा। केंद्रीय मंत्री मोहोल पुणे ने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा था। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है।

कोरोना के नए वैरिएंट से एक महीने में 135 मौतें

NEW DELHI : देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या बीते 2 हफ्तों से कम हो रही है। बीते 24 घंटे में 30 नए केस सामने आए, जबकि 252 मरीज ठीक हुए हैं। एक्टिव केसों की संख्या घटकर 2086 पहुंच गई है। 12 जून को देशभर में 7131 एक्टिव केस थे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट से जनवरी 2025 से अब तक 142 की मौत हुई है। बीते दिन 3 लोगों ने जान गंवाई है, इनमें दिल्ली के 2 और हरियाणा का एक मरीज शामिल हैं। बीते एक महीने में करीब 135 मौतें हुई हैं। डॉ. नवीन कुमार कहा- सिंगापुर में फैल रहे निम्बस (एनबी.1.8.1) वैरिएंट के केस भारत में भी सामने आ रहे हैं।

जगन्नाथ मंदिर से करीब 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के सामने हुआ हादसा

पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद भगदड़, तीन लोगों की गई जान

BHUBANESWAR @ PTI : रविवार को तड़के करीब 4 बजे ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बाद भगदड़ मच गई। इसमें 3 लोगों की जान चली गई और 50 घायल हो गए। घायलों में 6 की हालत गंभीर है। हादसा जगन्नाथ मंदिर से करीब 3 किमी दूर गुंडिचा मंदिर के सामने हुआ। यहां भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ के दर्शन करने के लिए भारी भीड़ जुटी थी, इसी दौरान भगदड़ मची। हादसे में मारे गए लोगों के नाम बसंती साहू (36), प्रेमकांति महांति (78) और प्रभाती दास हैं। इनके शव पुरी मेडिकल कॉलेज में रखे गए हैं। सीएम मोहन चरण माझी ने घटना पर माफी मांगी है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, मैं और मेरी सरकार भगवान जगन्नाथ के सभी भक्तों से व्यक्तिगत रूप से क्षमा मांगते हैं। यह लापरवाही माफ करने लायक नहीं है। इसके बाद राज्य सरकार ने पुरी के कलेक्टर और एसपी का तबादला कर दिया। चंचल राणा को नया कलेक्टर और पिनाक मिश्रा को नया एसपी बनाया गया है। साथ ही डीसीपी और कमांडेंट को निलंबित कर दिया गया है।

50 जख्मी, घायलों में 6 की स्थिति गंभीर, सीएम मोहन चरण माझी ने मांगी माफी

जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा दर्शन के लिए लगी होड़

नियमों के अनुसार, पुरी की रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथों को उनकी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर के सामने 9 दिन के लिए खड़ा कर दिया जाता है। यहां बलभद्र और सुभद्रा के रथ पहले पहुंच चुके थे। जगन्नाथ रथ बाद में पहुंचा, जिससे लोगों में उसके दर्शन करने की होड़ लग गई। इसी दौरान भगदड़ मची, जिसमें गिरने से कई लोग कुचल गए। बताया जा रहा है कि घटना के समय वहां पर्याप्त पुलिस बल तैनात नहीं था।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में मामला दर्ज

भगदड़ में तीन लोगों की मौत की घटना को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में मामला दर्ज किया गया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता जयंत दास ने यह मामला दर्ज कराया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता ने कहा है कि पुलिस डीजी और जिला कलेक्टर को तुरंत हटाया जाना चाहिए। इस मामले में पुलिस महानिदेशक वाई बी खुरानिया ने कहा है कि भगदड़ के पीछे के कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है। वहीं, खुरानिया ने घटना की जांच के निर्देश दिए।

स्थानीय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

पुरी के रहने वाले स्वाधीन कुमार पंडा का कहना है कि मैं कल रात 2-3 बजे तक मंदिर के पास ही था, लेकिन प्रबंधन ठीक नहीं था। वीआईपी के लिए नया रास्ता बनाया गया था, और आम लोगों को दूर से ही बाहर निकलने को कहा गया था। लोग प्रवेश द्वार से ही बाहर निकलने लगे, जिससे भीड़ बढ़ गई। यातायात व्यवस्था भी ठीक नहीं थी, क्योंकि कई अनधिकृत पास वाले वाहन मंदिर के पास आ गए। प्रशासन ने भीड़ को ठीक से नियंत्रित नहीं किया। सबसे बड़ी समस्या निकास द्वार की थी। आज तीन लोगों की मौत हुई है - 2 महिलाएं, एक पुरुष। इसके लिए ओडिशा प्रशासन जिम्मेदार है।

आपातकाल संविधान की हत्या, न्यायपालिका को गुलाम बनाने का प्रयास

रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 123वें एपिसोड का किया गया प्रसारण

पीएम ने इमरजेंसी के खिलाफ लड़ने वाले संविधान रक्षकों को किया नमन

NEW DELHI @ PTI : रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 123वें एपिसोड में अनेक विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने हाल के दिनों में देश में हुए सकारात्मक बदलावों, सांस्कृतिक पर्वों, सामाजिक सहभागिता, महिलाओं की प्रगति, पर्यावरण संरक्षण और भारत की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए देशवासियों को गर्व और प्रेरणा का अनुभव कराया। मोदी ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर उसके काले अध्याय को याद किया और कहा कि यह सिर्फ संविधान की हत्या नहीं थी, बल्कि न्यायपालिका को भी गुलाम बनाने का प्रयास किया गया था। उन्होंने उन हजारों लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने अत्याचारों का सामना करते हुए लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया। बताया कि इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, बाबू जगजीवन राम और अटल बिहारी वाजपेयी के पुराने ऑडियो भी साझा किए, जिनमें उन्होंने उस दौर की भयावहता को स्पष्ट किया।

- कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, बाबू जगजीवन राम व अटल बिहारी वाजपेयी के पुराने ऑडियो भी किए साझा
- विद्यार्थियों को भी किया गया परेशान, अभिव्यक्ति की आजादी का घोंट दिया गला

संविधान को सशक्त बनाने की प्रेरणा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई। आपातकाल हटा लिया गया और आपातकाल थोपने वाले हार गए। मोदी ने कहा, यह भारत की जनता का सामर्थ्य था कि वो झुकी नहीं, टूटी नहीं और लोकतंत्र के साथ कोई समझौता स्वीकार नहीं किया। अंततः आपातकाल लगाने वालों की हार हुई। मोदी ने कहा कि देश पर आपातकाल थोपे जाने के 50 वर्ष कुछ दिन पहले ही पूरे हुए हैं। हम देशवासियों ने संविधान हत्या दिवस मनाया है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भव्यता का वर्णन करते हुए बताया कि इस बार योग दिवस पर तीन लाख लोगों ने विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर एक साथ योग किया। दो हजार से अधिक आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक सूर्य नमस्कार किए। दिल्ली में यमुना के किनारे योग को स्वच्छता के संकल्प से जोड़ा गया।

एसीबी की जांच में खुलासा : एजेंसी ने प्राथमिकी दर्ज करने की मांगी इजाजत

हजारीबाग खासमहल घोटाले में होगी एफआईआर

PHOTON NEWS RANCHI : हजारीबाग जिले में खासमहल भूमि से जुड़ा एक बड़ा घोटाला सामने आया है। इस मामले में एसीबी की जांच में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। मामले में तत्कालीन हजारीबाग डीसी विनय कुमार चौबे सहित कई अधिकारियों और निजी व्यक्तियों पर खासमहल और ट्रस्ट को आवंटित भूमि का अवैध हस्तांतरण कराने का आरोप है। इस घोटाले को लेकर एसीबी ने 2015 में एक प्रीलिमिनरी इन्क्वायरी (पीई) दर्ज की थी। जांच में यह सिद्ध हुआ कि, हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना की गई। दाखिल खारिज में 'सेवायत' शब्द हटाकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बंदोबस्त की गई। अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की सरकारी संपत्ति निजी व्यक्तियों के हाथों में पहुंचाई गई। एसीबी ने अब इस घोटाले में नामजद अधिकारियों और लाभार्थियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की संस्तुति के साथ फाइल राज्य सरकार को भेज दी है।

तत्कालीन डीसी विनय चौबे सहित कई अधिकारियों पर है आरोप

- खासमहल व ट्रस्ट को आवंटित 2.75 एकड़ भूमि के अवैध हस्तांतरण से जुड़ा है मामला
- 2015 में दर्ज हुई थी पीई, जांच में हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना की बात आई सामने

23 लोगों को आवंटित की गई भूमि

यह मामला हजारीबाग की 2.75 एकड़ खासमहल भूमि से संबंधित है, जिसे 1948 में 30 वर्षों के लिए एक ट्रस्ट सेवायत को लीज पर दिया गया था। यह लीज 1978 में समाप्त हो गई थी और 2008 तक इसका नवीकरण किया गया। 2008 से 2010 के बीच एक सुनियोजित प्रशासनिक षड्यंत्र के तहत इस भूमि को सरकारी भूमि घोषित कर 23 निजी व्यक्तियों को आवंटित कर दिया गया। आरोप है कि इस षड्यंत्र के केंद्र में तत्कालीन हजारीबाग विनय कुमार चौबे थे। उन पर आरोप है कि उन्होंने खासमहल पदाधिकारी के साथ मिलकर लीज नवीनीकरण के लिए दिए गए आवेदन से सेवायत शब्द जान-बूझकर हटवाया। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि ट्रस्ट भूमि को सरकारी दिखाया जा सके और उसका अवैध रूप से हस्तांतरण संभव हो सके।

रूसी हमले में यूक्रेन का एफ-16 हुआ तबाह पायलट की गई जान

NEW DELHI : रूस ने रविवार की रात को यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रूस ने 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें समेत 537 हवाई हमले किए। रूस ने यूक्रेन पर एम/केएन-23 बैलिस्टिक मिसाइल, 33 केएच-101/इस्केंडर-के क्रूज मिसाइल और 4 कैलिबर क्रूज मिसाइलें भी दागी। यूक्रेन डिफेंस मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

- 477 ड्रोन और 60 मिसाइलों से हमला, कई इमारतों को नुकसान, 6 घायल

यूक्रेनी वायु सेना ने इनमें से 475 हमलों को रोक दिया गया। हालांकि इस दौरान यूक्रेन के एफ-16 पायलट पावलो इवानोव की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूसी हमले को जवाब देते वक्त एक मिसाइल ने पावलो के एफ-16 को हिट किया था। रूसी हमलों में रविवार को यूक्रेन के एक पायलट की मौत हो गई और एक एफ-16 लड़ाकू विमान तबाह हो गया। हमलों में घरों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और छह लोग घायल हो गए। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि पायलट ने रूस के मिसाइल हमले के दौरान सात मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन अंतिम लक्ष्य को मार गिराते समय उसका विमान खराब हो गया था।

न्यू स्टडी पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव क्षेत्र में अधिक प्रभाव डाल रहा जलवायु परिवर्तन

तापमान बढ़ने से पिघलने लगी आर्कटिक धरती की बर्फीली मिट्टी

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : सौरमंडल में पृथ्वी एक ऐसा ग्रह है, जहां प्रकृति और जीवन की निरंतरता है। उत्तरी ध्रुव पृथ्वी का सबसे उत्तरी बिंदु है। यहां पृथ्वी का घूर्णन अक्ष इसकी सतह को काटता है। यह आर्कटिक महासागर के बीच में स्थित है, जो अत्यधिक ठंडा होता है। यहां छह महीने का दिन और छह महीने की रात होती है। उत्तरी ध्रुव के चारों ओर फैला भौगोलिक क्षेत्र आर्कटिक क्षेत्र कहलाता है। इसे ही आर्कटिक धरती भी कहते हैं। यह आर्कटिक वृत्त के भीतर स्थित है, जो भूमध्य रेखा के उत्तर में लगभग 66.5 डिग्री अक्षांश पर एक काल्पनिक रेखा है। इस क्षेत्र में आसपास के द्वीप, उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया के कुछ हिस्से शामिल हैं। आर्कटिक क्षेत्र में कठोर जलवायु होती है, जिसमें लंबी, ठंडी सर्दियां और छोटी, ठंडी ग्रीष्मकाल होती हैं। आर्कटिक महासागर का एक बड़ा हिस्सा पूरे वर्ष बर्फ से ढका रहता है, जिसे समुद्री बर्फ कहा जाता है। हाल के विशेष अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है कि आर्कटिक धरती का तापमान सबसे तेजी से बढ़ रहा है।

आर्कटिक महासागर के बीच स्थित इस हिस्से में पूरे वर्ष जमी रहती है बर्फ

इस क्षेत्र में आसपास के द्वीप, उत्तरी अमेरिका, यूरोप व एशिया के कुछ भाग शामिल

- शेष दुनिया की अपेक्षा इस क्षेत्र में चौगुनी तेज गति से बढ़ रही गर्मी
- मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट के मौसम वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक किया विशेष अध्ययन
- हजारों वर्षों से जमी बर्फीली मिट्टी (पर्माफ्रॉस्ट) पिघलने से वायुमंडल में जा रहा ज्यादा कार्बन

सैटेलाइट की मदद से पर्माफ्रॉस्ट में हो रहे परिवर्तन पर वैज्ञानिक रख रहे बारीक नजर

वर्षों तक वातावरण में घुलता रहेगा कार्बन

वैज्ञानिकों का कहना है कि पर्माफ्रॉस्ट पिघलने को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एक बार जब यह मिट्टी पूरी तरह पिघलनी शुरू हो जाती है, तो उसमें मौजूद जैविक कार्बन धीरे-धीरे वर्षों तक वातावरण में घुलता रहता है। इसलिए वैज्ञानिक अब इस बात पर विशेष ध्यान दे रहे हैं कि पर्माफ्रॉस्ट की भूमिका को अच्छे से समझा जाए।

गलने लगे हैं जैविक पदार्थ

यह प्रक्रिया मिट्टी में मौजूद कार्बन को वायुमंडल में पहुंचा रही है, जिससे धरती का तापमान और बढ़ रहा है। मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर मीटरोलॉजी के शोधकर्ताओं के अनुसार, पर्माफ्रॉस्ट वह मिट्टी होती है, जो हजारों वर्षों से लगातार जमी हुई है। इसमें बड़ी मात्रा में जैविक पदार्थ दबे हैं। ये जैविक पदार्थ जब तापमान बढ़ने से गलने लगते हैं, तो वे कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी गैसों के रूप में वातावरण में मिल जाते हैं। ये गैसें पृथ्वी को गर्म करने वाली सबसे घातक गैसों में से हैं। यह प्रक्रिया अब एक निर्णायक बिंदु यानी ऐसा मोड़ ले सकती है, जिसके बाद इस प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकेगा। यह जलवायु तंत्र के लिए एक ऐसी अवस्था है जो यदि एक सीमा के पार चली गई, तो फिर इसे पहले जैसा लौटाना संभव नहीं होगा, भले ही वैश्विक तापमान में गिरावट आने लगे।

आईएईए डायरेक्टर राफेल ने दी जानकारी

ईरान के पास न्यूक्लियर बम बनाने के लिए यूरेनियम मौजूद

AGENCY NEW DELHI : रविवार को यूएन की इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि ईरान कुछ महीनों में अपना न्यूक्लियर प्रोग्राम फिर से शुरू कर सकता है। आईएईए डायरेक्टर राफेल ग्रॉसी ने एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि ईरान की कुछ न्यूक्लियर फैसिलिटी अभी भी बची हुई हैं। ग्रॉसी ने कहा- ईरान के पास 60% प्योर यूरेनियम का भंडार है, जो एटम बम बनाने के लिए काफी है। इस भंडार को अमेरिकी हमले से पहले हटा दिया गया था या फिर ये तबाह हो गया, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। इजरायल ने 13 जून को ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमले शुरू किए थे। बाद में अमेरिकी ने बी-2 बॉम्बर से हमला कर ईरान के फोर्डो, नतांज और इस्फहान न्यूक्लियर साइट्स को तबाह करने का दावा किया था।



- ईरान के पास 60% प्योर यूरेनियम का भंडार, जो एटम बम बनाने के लिए काफी

जमीन के 4 फीट नीचे दबा था बच्चे का शव, पत्थर हटाते ही सन्न रह गए लोग

शव की पहचान करने में जुटी पुलिस, थानों से जुटाई जा रही गुमशुदगी की रिपोर्ट

PHOTON NEWS GIRIDIH : गिरिडीह जिले के नवडीहा ओपी क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दलागी पुल के नीचे जमीन के चार फीट अंदर एक सात साल के बच्चे का शव मिला है। शव पर पत्थर रखे हुए थे, जिससे यह आशंका गहरा गई है कि यह हत्या का मामला हो सकता है।

रविवार सुबह कुछ ग्रामीण शौच के लिए नदी किनारे गए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि पुल के नीचे पत्थरों के पास कई कुत्ते मंडरा रहे हैं और वहां से सड़ांध आ रही थी। जब स्थानीय लोगों ने इस बात की सूचना नवडीहा ओपी पुलिस को दी, तो प्रभारी दीपक कुमार और जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार फौरन टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

पुल के नीचे व ऊपर जुटी लोगों की भीड़ ● फोटोन न्यूज

ग्रामीणों की मदद से खोदाई की गई, जिसमें करीब चार फीट नीचे से बच्चे का शव बरामद किया गया। शव निकालते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस के अनुसार, अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृत बच्चे की उम्र लगभग 7 वर्ष होगी। एसडीपीओ खोरीमहुआ राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह पता लगाया जा रहा है कि यह बच्चा किसके घर का था और किन हालात में जमीन में दफनाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा कि मौत सामान्य थी या हत्या। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

लोहरदगा में टांगी से काटकर बड़े भाई ने सहोदर की कर दी हत्या

LOHARDAGA : भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में शनिवार की देर शाम बड़े भाई ने छोटे भाई को टांगी से काटकर मार डाला। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। मृतक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानो गांव निवासी अंगा उरांव के पुत्र बसंता उरांव (28) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मृतक बसंता उरांव व उसके बड़े भाई डांगू उरांव के बीच पैसों के लेन-देन को लेकर एक माह पूर्व भी कहा सुनी हुई थी। इनके बीच कई बार पैसों को लेकर विवाद हो चुका था। इसके बाद शनिवार की शाम डांगू उरांव ने नशे की हालत में अपने छोटे भाई बसंता उरांव की टांगी से गले में वार कर हत्या कर दी। घटना भंडरा थाना क्षेत्र के मसमानों पंचायत भवन के पास की है। घटना के बाद आरोपी फरार है। भंडरा थाना पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले में लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी का कहना है कि बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द ही हत्यारा को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है।

घटनास्थल पर जुटे लोग ● फोटोन न्यूज

कोडरमा में गजराज का आतंक एक को कुचल कर मार डाला

KODERMA : कोडरमा जिले में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते दो महीनों में चार लोगों की जान जा चुकी है, जबकि किसानों की फसलें और घरों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ताजा घटना जयनगर थाना क्षेत्र के पिसपीरो गांव की है, जहां रविवार सुबह 55 वर्षीय रविंद्र यादव उर्फ नन्हकू यादव को हाथी ने मार डाला। ग्रामीणों के अनुसार रविंद्र यादव सुबह गांव के अन्य लोगों के साथ शौच के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे गए थे। तभी यदुडीह हॉल्ट के पास उन्हें एक हाथी ने घेर लिया। जब तक वे वहां से भाग पाते, हाथी ने उन्हें सूंढ़ से पटककर पैरों से कुचल दिया। आसपास के ग्रामीणों ने शोर मचाकर झुंड को भगाया, लेकिन तब तक नन्हकू यादव की मौत हो चुकी थी। इससे पूर्व भी जयनगर और मरकच्चो थाना क्षेत्र में तीन अन्य लोग हाथियों के हमले में मारे जा चुके हैं। हाथियों का झुंड इन इलाकों में लगातार घूम रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद ग्रामीणों ने शव के साथ गांव में धरना दे दिया और वन विभाग से उचित मुआवजे की मांग की। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी रविंद्र कुमार और जयनगर पुलिस मौके पर पहुंचे। रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को तत्काल 25,000 रुपये की सहायता राशि दी गई है। कुल 4 लाख रुपये मुआवजे का प्रावधान है, शेष राशि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दी जाएगी।

BRIEF NEWS

ब्लू स्टोन की तस्करी में एक गिरफ्तार

KODERMA : कोडरमा थाना के गिरिडीह रोड स्थित क्षत्रिय धर्मशाला के पास एक घर से 15 किलो कीमती ब्लू स्टोन और दो वाहन जब्त किए गये है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गयी है। पुलिस को सूचना थी कि राजीव सिंह उर्फ ललन सिंह ने अपने घर में सहयोगी के साथ मिलकर लोकाई के जंगल क्षेत्र से उत्खनित ब्लू स्टोन को राजस्थान भेजने का योजना बना रहा है। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने क्षत्रिय धर्मशाला के समीप राजीव सिंह उर्फ ललन सिंह के घर पर छापेमारी कर एक आरोपित बंटी कुमार रजक (25) को गिरफ्तार किया। साथ ही ललन सिंह के घर में रखे करीब 15 किलो ग्राम ब्लू स्टोन, क्रेटा वाहन (आरजे 45सीआर 2151) एवं होण्डा कार (जेएच 07एच0050) की जांच करने पर दो डायरी, एक कॉपी एवं दो मोबाईल को जब्त किया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने पर पता चला कि लोकाई गांव के प्रतिबंधित जंगल क्षेत्र से उत्खनित अवैध ब्लू स्टोन के खरीद-बिक्री के संबंध में ललन सिंह और अन्य सहयोगी के साथ अपने घर में इकठ्ठा हुए थे। पुलिस को आता देख सभी अंधेरा का लाभ उठाकर वहां से फरार हो गए। बंटी कुमार ने बताया कि ललन सिंह उर्फ राजीव सिंह ओर सिकन्दर दास बरसोतियाबर के नेतृत्व में सभी लोगों के जरिये अवैध उत्खनन कर ब्लू स्टोन को खरीद कर वाहनों से राजस्थान मे ले जाकर व्यापार किया जाता है।

वासेपुर में फायरिंग, गैंगस्टर के परिवार पर लगा आरोप

DHANBAD : वासेपुर में एक बार फिर फायरिंग की घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। शनिवार की देर रात हावड़ा-धनबाद रेलवे लाइन के पास स्थित केजीएन कॉम्प्लेक्स के सामने अज्ञात बदमाशों ने कई राउंड हवाई फायरिंग की। इस गोलीबारी के बाद क्षेत्र में अफरातफरी मच गई और लोग सहमे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक गोलियों की आवाज सुनाई दी और जब लोग बाहर निकले तो देखा कि बदमाश हवा में कई राउंड फायरिंग कर रहे हैं। पुलिस जांच के दौरान घटनास्थल से कई कारतूस भी बरामद किए गए हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह पूरी घटना अवैध सट्टा (गेसिंग) को लेकर हुई है। लोगों ने वासेपुर के कुख्यात गैंगस्टर फहीम खान के

दामाद के बेटे सानू खान का नाम इस घटना में लिया है। बताया गया है कि आपसी रंजिश और गेसिंग कारोबार के वर्चस्व को लेकर यह फायरिंग की गई है। हालांकि पुलिस ने अब तक किसी के नाम की पुष्टि नहीं की है। फायरिंग की सूचना मिलते ही डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, भूली थाना और बैंक मोड़ थाना की टीम मौके पर पहुंच गई। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

चतरा में लाखों के ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर किए गए गिरफ्तार

गिद्धौर में फुटबॉल मैदान के पास से जब्त किए गए 286 ग्राम मादक पदार्थ

● गुप्त सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में की गई थी छापेमारी

AGENCY CHATRA : प्रतिबंधित अफीम और ब्राउन शुगर तस्करों के विरुद्ध चतरा पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। रविवार को गिद्धौर में पुलिस ने लाखों के ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार की है। पुलिस ने 286 ग्राम ब्राउन शुगर, इलेक्ट्रॉनिक माप तोल मशीन और विभिन्न कंपनियों का पांच मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने समाहरणालय स्थित कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर

पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में गठित गिद्धौर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए गिद्धौर फुटबॉल मैदान के समीप से अभियान चलाकर दोनों तस्करों गिद्धौर तेली टोला निवासी अभिमन्यु कुमार साव और प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगियारा के नौकाडीह गांव निवासी नितेश कुमार उर्फ त्रिवेणी उर्फ वेणी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लगभग 60 लाख रुपए की प्रतिबंधित ब्राउन शुगर की बरामदगी हुई है। उन्होंने कहा कि अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी की सूचना पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में गिद्धौर थाना प्रभारी कुमार गौतम और सशस्त्र बल के जवानों की टीम बनाकर अभियान चलाया गया। एसपी ने बताया कि इसी क्रम में तस्कर पकड़े गये। एक तस्कर भागने में सफल रहा। उसकी पहचान कर ली गई है। वह जल्द पकड़ा जायेगा।

हजारीबाग के सांसद बुजुर्गों को करा रहे तीर्थयात्रा

HAZARIBAG : हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने सेवा, विकास और संस्कृति के समन्वय को सार्थक रूप देते हुए सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान की शुरूआत की है। इस अभियान की पहली आध्यात्मिक यात्रा रविवार को कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां स्थित भगवान नृसिंह मंदिर से प्रारंभ हुई। इस भावनात्मक और भव्य अवसर पर सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे और श्रद्धालु बुजुर्गों की विदाई समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत खपरियावां और नवादा पंचायत के तीन गांवों से चयनित कुल 180 बुजुर्ग श्रद्धालु वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल की धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए। तीर्थयात्रियों को विदा करने से पूर्व भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और सांसद मनीष जायसवाल ने स्वयं उनके चरण पखारकर आशीर्वाद लिया।

करंट लगने से युवक की मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत पुसालोटा गांव में घर में लाइट जलाते समय 25 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सौरभ हेंब्रम के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब घर में पूरा परिवार मौजूद था। सौरभ बिजली बोर्ड से बल्ब जलाने के लिए पलक ऑन कर रहा था, लेकिन अचानक पूरे बोर्ड में करंट दौड़ गई। बोर्ड को छूते ही करंट लग गया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सौरभ अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाला मुख्य सदस्य था।

बोकारो इंडस्ट्रियल एरिया में बड़ा हादसा, ब्लास्ट फर्नेस में विस्फोट

AGENCY BOKARO : बोकारो के बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सुप्रिया इस्पात उद्योग में एक बड़ा हादसा हो गया। कंपनी के ब्लास्ट फर्नेस में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

झुलसे मजदूरों की पहचान लखन टुडू और अखिल कुमार के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने एक मजदूर की स्थिति को गंभीर बताया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण हुआ। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि ब्लास्ट फर्नेस की नियमित जांच नहीं की गई थी,

इसी प्लांट में हुई थी दुर्घटना ● फोटोन न्यूज

जिससे यह विस्फोट हुआ। इस घटना ने औद्योगिक सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही सुप्रिया इस्पात उद्योग के अधिकारी और स्थानीय नेता मौके पर पहुंचे। बियाडा स्थित कंपनी परिसर में अफरातफरी का माहौल रहा। प्रबंधन द्वारा कंपनी का मुख्य गेट बंद कर दियाा गया था और अंदर किसी को भी जाने की अनुमति नहीं दी गई। बाद में मुख्य गेट को खोला गयामजदूर संगठनों ने इस हादसे की कड़ी निंदा की है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

तालाब में डूब कर किशोरी की मौत, मातम

DUMKA : जिला के जरमुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखजोरा नाग मंदिर के सामने तालाब में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार किशोरी अपने दोस्तों के साथ नाग मंदिर में पूजा करने गई थी। दोस्तों ने बताया कि पानी में डुबकी लगाने के बाद किशोरी ऊपर नहीं आयी। ग्रामीणों ने बेहोशी की हालत में उसे निकाला और डॉक्टर के पास लेकर गए। तब तक शायद बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृत युवती छोटी कुमारी (14) नोनीहाट पंचायत के नोनीगांव निवासी किशुन मांझी की छोटी पुत्री थी। इधर लड़की की मौत की खबर सुन कर परिजनों का रो-रोककर बुरा हाल है।

मजदूर की पिटाई करने वाला पुलिस का जवान हुआ सस्पेंड

CHATRA : शहर के गंदौरी मंदिर के समीप एक होटल के बाहर पुलिस के जवान और मजदूर के बीच मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया में रविवार को वायरल हुआ है। सिविल ड्रेस में एक जवान एक मजदूर के साथ मारपीट कर रहा था। होटल के बाहर बाइक पार्किंग के दौरान बहस के बीच मारपीट हुई थी। यह घटना शनिवार शाम की थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने संज्ञान लिया और आरोपित जवान को सस्पेंड कर दिया है। सदर थाना में तैनात जैप का जवान मनीष कुमार सिविल ड्रेस में था। आसपास के लोगों ने बीच बचाव भी किया इसके बावजूद उसने मारपीट की थी। जैप

वायरल वीडियो का फुटेज

जवान मनीष अपने साथी अंकित कुमार के साथ बुलेट से यहां आया था। एक मजदूर बुलेट के पीछे अपनी बाइक लगा दी थी। जिसके बाद मारपीट हुई। इस बारें में चतरा एसपी ने कहा कि सदर थाना प्रभारी को जांच करने का निर्देश दिया है। पुलिस जवान की आम जनता के प्रति अमर्यादित व्यवहार को देखते हुए उसे सस्पेंड कर दिया गया है।

खूंटी में ग्राम प्रधान की हत्या, घर में घुस कर अपराधियों ने पीटने के बाद मारी गोली

PHOTON NEWS KHUNTI : खूंटी जिले के लांदुप पंचायत अंतर्गत काड़ेतुबिद गांव में शनिवार को देर रात ग्राम प्रधान बलराम मुंडा की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि उनके घर में घुसकर दर्जनों हथियारबंद अपराधियों ने लाठी-डंडों से पिटाई करने के बाद गोली मार दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

घटना के समय तेज बारिश हो रही थी और ग्राम प्रधान बलराम मुंडा अपने घर में मौजूद थे। इसी दौरान दर्जनों अपराधी घर में जबरन घुस गए और उन्हें निशाना बनाया। पहले लाठी-डंडों से पीटा गया और फिर गोली मार दी गई। मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

बलराम मुंडा को पिटता देख उनका भांजा आचू मुंडा उन्हें बचाने दौड़ा, लेकिन अपराधियों ने उस पर भी जानलेवा हमला किया। वह गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, अपराधी लगभग आधे घंटे तक घर में रहे। इस दौरान उन्होंने घर में रखे धान के बोरे फाड़ दिए और अन्य कीमती सामानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना को डकैती के इरादे से अंजाम दिया गया बताया जा रहा है।

जांच में जुटी पुलिस 10 संदिग्ध हिरासत में

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। डीएसपी वरुण रजक ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हत्या गंभीर प्रकृति की है और इसकी हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस ने देर रात ही सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाया और अब तक 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह मामला ठेकेदारी से जुड़े विवाद से भी जुड़ा बताया जा रहा है।

परिजनों ने लगाया डकैती का आरोप

परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि देर रात अपराधी डकैती की नीयत से घर में घुसे थे। जब बलराम मुंडा ने इसका विरोध किया, तो उन पर हमला कर दिया गया। पुलिस इस हत्याकांड की हर एंगल से जांच कर रही है।

जांच जारी, जल्द होगा खुलासा

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल 10 लोगों से पूछताछ की जा रही है और कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

ग्रामीणों ने परियोजना स्थल पर रोक दी पोकलेन मशीन, सीआईएसएफ जवानों व ग्रामीणों में हुई झड़प

बीसीसीएल आउटसोर्सिंग के खिलाफ प्रदर्शन, लाठीचार्ज में कई घायल

PHOTON NEWS DHANBAD : धनबाद जिले के रामकनाली ओपी क्षेत्र में बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की आउटसोर्सिंग परियोजना के खिलाफ ग्रामीणों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिसमें महिलाओं समेत दर्जनों ग्रामीण घायल हो गए।

यह घटना कतरास क्षेत्र में संचालित मां अंबे माइनिंग आउटसोर्सिंग परियोजना के बुट्टू बाबू बांग्ला पैच के पास घटी, जहां कुम्हार बस्ती के ग्रामीण होलपैक सड़क निर्माण का विरोध कर रहे थे। कुम्हार बस्ती के निवासी, जो परंपरागत रूप से मिट्टी के बर्तन और मूर्तियां बनाकर जीवन यापन करते हैं, बीसीसीएल की सड़क निर्माण परियोजना को अपने जीवन पर संकट मान रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उनके पुनर्वास की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है और प्रबंधन मिट्टी को काटकर उनके संसाधनों को खत्म कर रहा है। ग्रामीणों ने परियोजना स्थल पर पोकलेन मशीन रोक दी और सुरक्षित पुनर्वास की लिखित गारंटी की मांग की। इसी दौरान सीआईएसएफ जवानों और ग्रामीणों में तीखी नोकझोंक हुई।

घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस के जवान ● फोटोन न्यूज

मोबाइल से फोटो खींचने पर बढ़ा बवाल

घटना की सूचना मिलने पर कतरास, राजगंज, तेतुलमारी, रामकनाली और अंगारपथरा ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वे हटने को तैयार नहीं थे। इसी बीच मोबाइल से फोटो खींचने पर एक युवक को रोका गया, जिससे मामला और भड़क गया। स्थिति बेकाबू होते ही पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें भवानी देवी, अंजुली कुमारी, गीत देवी, संजू देवी, सोनू कुमार समेत कई ग्रामीण घायल हो गए। दो पुलिसकर्मियों के भी घायल होने की सूचना है।

भाकपा-माले का विरोध

घटना की जानकारी मिलते ही भाकपा-माले नेता हलधर महतो और ठाकुर महतो मौके पर पहुंचे और प्रबंधन पर ग्रामीणों के साथ बर्बरता का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विस्थापन का समाधान नहीं किया गया तो यह मामला लोकसभा और विधानसभा में उठाया जाएगा।

त्रिपक्षीय बैठक में मामला सुलझाने का होगा प्रयास

ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया। मामले की जांच की जा रही है।

वहीं, कतरास पुलिस अंचल निरीक्षक मुकेश कुमार चौधरी ने कहा कि जल्द ही रामकनाली ओपी परिसर में त्रिपक्षीय बैठक होगी, जिसमें ग्रामीणों की पुनर्वास मांग का समाधान निकाला जाएगा।

BRIEF NEWS

इंसान को बुजदिल नहीं बहादुर बनाता है जिक्र कर्बला : मौलाना तहजीब हसन

RANCHI : कर्बला हमारी पहचान है। जिक्र कर्बला इंसानों को बुजदिल नहीं, बहादुर बनाता है। आज के जमाने में जो मुसलमान में तोड़ पैदा कर रहा है, उसे मुसलमान न कहना। कुरान जिसकी तारीफ कर रहा है, हम भी उसकी तारीफ करेंगे। अल्लाह ने कुरान में कहा- ईमान वालों को कोई खसरा नहीं। सिर्फ जबान से दवा करना मुसलमान नहीं, बल्कि दिल से होना चाहिए। यह बातें झारखंड वक्फ बोर्ड के सदस्य मौलाना हाजी सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने कही। वह रविवार को तीसरी मुहर्रम के अवसर पर शहर के मकबूल समाजसेवी सैयद शाहरुख सहन रिजवी, काके हुसीर आवास पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

मरकज-ए-अदब व साइंस के 21वें दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

RANCHI : रविवार को मरकज-ए-अदब व साइंस का 21वां दीक्षांत समारोह पार्क स्कवायर बिल्डिंग प्लाजा चौक के सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जेके शाह, लेफ्टिनेंट कर्नल गुफरान दानिश व सुदिप्ता सरकार की मौजूदगी रही। समारोह का संचालन एसआईआईटी के केंद्र प्रबंधक मो. यूसुफ अंसारी ने किया। प्रोग्राम की अध्यक्षता ट्रस्ट के सचिव डा. तारिक सज्जाद ने की और धन्यवाद प्रस्ताव ट्रस्ट के चेयरपरसन रुबिना नासरिन ने की। जेके शाह ने अपने संबोधन में नाइलीट के कोर्सेस और रोजगार के अवस्सर पर छात्र-छात्राओं से चर्चा की। गुफरान दानिश ने भी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए बेहतर भविष्य की कामना की।

रहमानी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

RANCHI : रहमानी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने नसरुद्दीन कॉलोनी नदी ग्राउंड हिंदपीढ़ी में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। मौके पर रहमानी ट्रस्ट के चेयरमैन मिकाइल रहमानी ने कहा- नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो। हम लोगों ने ठाना है, झारखंड को नशा मुक्त बनाना है ओर जो बच्चे किसी वजह से एजुकेशन से दूर हैं, उन्हें शिक्षा से जोड़ना है। हाफिज शमीम मेकॉन ने कहा, रहमानी ट्रस्ट बेहतर काम कर रहा है। मौके पर शादाब इमरान हवारी, सोहेब, थाना प्रभारी हिंदपीढ़ी, अब्दुल रशीद, आफरीन परवीन, सानिया परवीन, इस्मत परवीन, परवेज मौजूद थे।

झारखंड के किसी भी सरकारी हॉस्पिटल में फिलहाल उपलब्ध नहीं यह सुविधा

जिस ट्रीटमेंट के लिए मुंबई जाता था कैंसर का मरीज, सदर में हुआ इलाज

कैंसर मरीजों के फ्री में दांत बना रहा सदर हॉस्पिटल, 200 रुपये में की जा रही कैपिंग

- कुशल डॉक्टरों की टीम ने मैक्लोफेशियल आप्च्यूरेटर बनाकर रोगी को लगाया
- अब मरीज को बोलने और खाने में नहीं हो रही किसी प्रकार की परेशानी
- डेंटल लैब में तैयार किए जा रहे आर्टिफिशियल दांत

VIVEK SHARMA RANCHI : पेशेंट को ऊपर वाले जबड़े का कैंसर था, जिसे डॉक्टरों ने काटकर निकाल दिया। ऊपर का तलवा कट जाने के कारण उसे बोलने में परेशानी होती थी। खाने पर उसका अंश नाक की तरफ चला जाता था। इससे कि मरीज को काफी परेशानी होती थी। इलाज के लिए वह मुंबई की दौड़ भी लगा चुका था। पैसे की कमी के कारण वह मुंबई भी नहीं जा पा रहा था। ऐसे में थक-हारकर वह सदर हॉस्पिटल पहुंचा। यहां डेंटल लैब में मैक्लोफेशियल आप्च्यूरेटर बनाकर उसे लगाया गया। इससे मरीज अब न केवल बोल पा रहा है, बल्कि उसे खाने में भी तकलीफ नहीं है। इतना ही नहीं ट्रीटमेंट के लिए उसे कोई चार्ज भी नहीं किया गया, जबकि इसी ट्रीटमेंट के लिए मरीज को टीएमएच मुंबई जाना पड़ता था। वहीं इसके लिए उसे काफी पैसे भी खर्च करने पड़ते थे। साथ ही परेशानी होती थी सो अलग। बता दें कि झारखंड के किसी भी सरकारी हॉस्पिटल में फिलहाल ये सुविधा उपलब्ध नहीं है।

50 लाख की डेंटल लैब

हॉस्पिटल में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से डेंटल लैब तैयार की गई है। जहां पर हर तरह के दांत बनाए जा रहे है। वहीं 200 रुपये प्रति दांत के हिसाब से कैपिंग भी की जा रही है। इसके अलावा कई अन्य मेटल के भी दांत डेंटल लैब में तैयार कर लगाया जा रहा है। डॉ. रवि राज ने बताया कि हमारे पास हर तरह के मरीज इलाज के लिए आ रहे है। हमारा प्रयास है कि मरीजों को बेहतर सर्विस दें।

मेटल के भी बनाए जा रहे दांत

हॉस्पिटल की लैब में मरीजों की डिमांड के अनुसार दांत तैयार किए जा रहे हैं। स्टोन के अलावा सीमेंट वाले दांच लगाए जा रहे हैं। कई मरीज मेटल के दांत बनवा कर लगा रहे हैं। इसके लिए मरीजों के दांत की मापी ली जाती है। इसके बाद कुछ दिनों में दांत बनाकर तैयार कर दिया जाता है। फिर मरीजों के दांत फिट कर दिए जाते है।

कैंसर मरीजों के लिए कई सुविधाएं

सदर हॉस्पिटल वैसे तो सुविधाएं उपलब्ध कराने में पीछे नहीं है। आए दिन मरीजों को एक के बाद एक हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अब हॉस्पिटल में एक और नई सुविधा मरीजों को दी जा रही है। यहां ओरल कैंसर से ग्रसित मरीजों के फ्री में दांत बनाए जा रहे है। इतना ही नहीं उनका पूरा डेंचर भी फ्री में लगाया जा रहा है, ताकि रिकवर होने के दौरान मरीजों को खाने-पीने में परेशानी नहीं होगी। बता दें कि सदर हॉस्पिटल रांची राज्य का पहला डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल है, जहां पर हाईटेक डेंटल लैब तैयार किया गया है।

प्राइवेट में 50 हजार से एक लाख खर्च : डेंटल सर्जन डॉ. रवि ने बताया कि किसी भी तरह के मैक्लोफेशियल प्रोस्थेसिस का एवरेज खर्च 25-30 हजार रुपये है। वहीं प्राइवेट हॉस्पिटलों में ये बढ़कर 50 हजार रुपये से एक लाख तक भी होता है। लेकिन सदर में ये सुविधाएं सस्ती दर पर उपलब्ध है। वहीं कैंसर के मरीजों के लिए फ्री में ट्रीटमेंट किया जा रहा है।

रांची उपायुक्त के नाम से बनाई गई फर्जी फेसबुक आईडी जिला प्रशासन ने दी चेतावनी

दर्ज की गई एफआईआर, साइबर क्राइम यूनिट को सौंपा गया जांच का जिम्मा

PHOTON NEWS RANCHI : उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची, मंजूनाथ भजंत्री के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है। इस फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल के माध्यम से असामाजिक तत्व आम नागरिकों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उन्हें ठगी और धोखाधड़ी का शिकार बना रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस फर्जी आईडी से डीसी रांची का कोई लेना-देना नहीं है। यह साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित करने और आर्थिक नुकसान पहुंचाने की साजिश हो सकती है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान सोशल मीडिया रिक्वेस्ट को स्वीकार करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच अवश्य करें।

जांच कर रही टीम : प्रशासन ने यह भी सूचित किया है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित साइबर क्राइम यूनिट को जांच सौंप दी गई है और दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। डीसी ने लोगों से अपील की है कि केवल जिला प्रशासन के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल और वेबसाइट से ही जानकारी प्राप्त करे। आमजन ऐसे साइबर अपराधों से सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की ठगी से स्वयं को सुरक्षित रख सकें।

ऑपरेशन 'नार्कोस' के तहत बड़ी सफलता, रांची रेलवे स्टेशन से 10 किलो गांजा के साथ एक तस्कार गिरफ्तार

PHOTON NEWS RANCHI : रेल पुलिस के द्वारा भी नशे के तस्करों के खिलाफ लगातार बड़ी कारवाई की जा रही है। नशे के तस्करों के खिलाफ रांची रेल मंडल में ऑपरेशन 'नार्कोस' चलाया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में रांची रेलवे स्टेशन से दस किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

ट्रेन में हुई रेड : आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के नेतृत्व में रांची रेल मंडल में आरपीएफ के अफसर और जवान नशे के तस्करों के खिलाफ उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। इसी क्रम में विशाखापट्टनम से गांजा लेकर चले एक तस्कर को रांची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार ने बताया की रांची रेलवे स्टेशन पर नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आरपीएफ पोस्ट रांची तथा फ्लाइंग टीम रांची द्वारा गहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग अभियान के दौरान ट्रेन संख्या 12817 (हटियाझआनंद विहार एक्सप्रेस) जब प्लेटफार्म संख्या 1 पर पहुंची। जिसमें जांच के दौरान एम2 कोच के सीट संख्या 80 पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में बैठा पाया गया। जिसके पास एक काले रंग का पिट्ठू बैग तथा एक हरे-काले रंग का हैंडबैग था। पूछताछ पर उसने अपना नाम अमन बताया। 22 वर्षीय अमन ने पिता का नाम राघव राम, निवासी बवाना थाना, जिला उत्तर-पश्चिम दिल्ली बताया। उसने कबूल किया कि उक्त बैग उसके ही हैं। जिसमें से 10 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य लाखों में बताया जा रहा है। तस्कर के पकड़े जाने पर कानूनी प्रक्रिया के तहत तलाशी ली गई और गांजा को डीडी किट से जांचकर पुष्टि की गई।

जानकारी देते पुलिस अधिकारी ● फोटोन न्यूज

गौरवशाली विरासत और आत्मविश्वास के साथ बन रहा आत्मनिर्भर भारतः बाबूलाल

PHOTON NEWS RANCHI : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने रविवार को अलग-अलग बूथों पर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। बूथ पर 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण भी किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवघर जिलांतर्गत जसीडीह प्रखंड के कुशमहा मे 'मन की बात' पार्टी के कार्यकताओं के साथ सुना। बाबूलाल मरांडी ने इस अवसर पर कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक प्रगति का दस्तावेज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक विरासत के साथ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की कला संस्कृति, पारंपरिक हुनर का सम्मान आज विश्व भर में बढ़ा है। भगवान बुद्ध का संदेश और योग ने विश्व बंधुत्व के भाव को मजबूत किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने हरमू मंडल रांची में कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ₹मन की बात₹ कार्यक्रम करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, पाथेय है। आज के युवा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को आत्मसात कर रहे हैं।

भाकपा ने राज्यस्तरीय सम्मेलन के लिए 21 सदस्यीय स्वागत समिति का किया गठन

PHOTON NEWS RANCHI : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) राज्य कार्यालय के सभागार में रविवार को रांची जिला के राज्य सम्मेलन को लेकर बैठक हुई। बैठक में राज्य सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान राज्य सम्मेलन की तैयारी को लेकर 21 सदस्यीय स्वागत समिति का भी गठन किया गया। इसमें रांची जिला सचिव अजय सिंह को स्वागत समिति का सचिव चुना गया। समिति में इम्तियाज अहमद खान, इशाक अंसारी, भंते जैनेंद्र कुमार, सचिदानंद मिश्रा, अशोक यादव, लालदेव सिंह, कलाम रशीदी रणेंद्र कुमार, डॉ. मिथिलेश फरजाना फारूखी, किरण कुमारी, सन्तोष रजक लक्ष्मी महतो सहित कई अन्य भाकपा नेता शामिल हैं।

बैठक के दौरान सभी पार्टी नेताओं एक स्वर में कहा कि रांची में राज्यस्तरीय सम्मेलन होने से जिला के पार्टी कार्यकताओं में नया उत्साह का संचार होगा। भाकपा का आठवां राज्य सम्मेलन 24 अगस्त से 26 अगस्त के बीच पूर्व से निर्धारित है।

झारखंड में बीडीओ-दारोगा गरीबों की नहीं सुनते, इस व्यवस्था को बदलें : सुदेश महतो

PHOTON NEWS RANCHI : ओरमांझी में रविवार को ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) की ओर से पार्टी कार्यकर्ता एवं मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पार्क पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में युवा पहुंचे और आजसू का थामन थामा। दो उप-मुखिया एवं ग्राम प्रधानों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मिलन समारोह के दौरान गगरी पंचायत के उप-मुखिया तीर्थ मोहन उरांव, चढ़ूं पंचायत के उप-मुखिया प्रीतम महतो, पूर्व मुखिया प्रत्याशी भीम मुंडा, राज साहू, विशाल मुंडा, शशि महतो, धर्मवीर मुंडा, विवेक नायक, राहुल बैठा, विवेक कुमार समेत सैकड़ो युवाओं ने पार्टी का दामन थामा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य का भविष्य तभी संभव है, जब युवा अपने नेतृत्व क्षमता के साथ आगे आएं और नेतृत्व करें। उन्होंने कहा आजसू के नेतृत्व में युवा शक्ति ने झारखंड राज्य के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि झामुमो ने आंदोलन को दिल्ली और पटना में बेचने का काम किया, लेकिन आजसू ने समझौताविहीन आंदोलन चलाकर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपाई से आग्रह कर अलग राज्य बनवाया।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की नई प्रदेश कमेटी गठित, बीनू सिंह बने अध्यक्ष

PHOTON NEWS RANCHI : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, झारखंड प्रदेश का कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को फोकस क्लब एंड रिजॉर्ट, दलादली चौक में आयोजित हुआ। इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा का पुनर्गठन भी किया गया। सम्मेलन में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए,जबकि अध्यक्षता नवगठित प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने की। राष्ट्रीय स्क्रीनिंग कमिटी की अनुशंसा पर झारखंड प्रदेश की नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें बीनू सिंह को प्रदेश अध्यक्ष, आदर्श सिंह को युवा प्रदेश अध्यक्ष, मनीषा सिंह को महिला प्रदेश अध्यक्ष और ललन सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा सूरज देव सिंह और कामाख्या नारायण सिंह को प्रदेश महासचिव, शिवव्रत सिंह, रामेश्वर दयाल सिंह और श्याम किशोर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, मनोज कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। रीना सिंह, सुमन सिंह, मंजू सिंह को भी महिला इकाई में अहम जिम्मेदारी दी गई। युवा विंग में मुदित राज, यश सिंह परमार और नरेश सिंह को उपाध्यक्ष और महासचिव बनाया गया है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह तंवर ने इस अवसर पर कहा कि क्षत्रिय जाति नहीं, बल्कि कर्तव्य, दृष्टिकोण और संरक्षण की भावना का प्रतीक है।

एक बार फिर कर्मचारियों के गुस्से की जद में हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन

आउटसोर्सिंग का विरोध तेज, कर्मचारी बोले- नहीं भरेंगे एजेंसी का फॉर्म

PHOTON NEWS RANCHI : देश की प्रतिष्ठित केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम (हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) एक बार फिर कर्मचारियों के गुस्से की जद में है। कंपनी में आउटसोर्सिंग व्यवस्था लागू करने की तैयारी के बीच सप्लाई और ठेका मजदूरों ने तीखा विरोध शुरू कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों की सेवा के बावजूद उन्हें अनदेखा कर बाहर की एजेंसी से नियुक्तियों की कोशिश न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि कंपनी के मूल ढांचे के खिलाफ भी है। रविवार को धुर्वा गोल चक्कर के पास एक बड़ी बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 1400 मजदूरों और उनके परिवारों ने भाग लिया। मजदूरों ने यह स्पष्ट कर दिया कि कोई भी कर्मचारी आउटसोर्सिंग के लिए फार्म नहीं भरेगा। आंदोलनकारियों का कहना है कि अगर प्रबंधन जबरन फॉर्म भरवाने की कोशिश करेगा, तो कानूनी विकल्पों का सहारा लिया जाएगा।

विरोध करते सप्लाई और ठेका मजदूर ● फोटोन न्यूज

स्थायी करने की मांग कर रहे कर्मचारी

एचईसी मजदूर संघर्ष समिति के सदस्य मनोज पाठक ने कहा, 'हम 20-25 वर्षों से एचईसी की सेवा में हैं, जब स्थायीकरण होना चाहिए था, तब एजेंसी के बहाने बाहर किया जा रहा है, यह धोखा है। पहले भी सुरक्षा विभाग में आउटसोर्सिंग फेल हो चुका है, अब वही गलती दोहराई जा रही है।' उन्होंने आगे कहा कि जब कंपनी खुद आर्थिक तंगी से जूझ रही है, तो एजेंसी पर लाखों रुपये खर्च करना समझ से परे है। 'एचईसी को चाहिए कि वह अपने कर्मचारियों की जिम्मेदारी खुद उठाए और उन्हें वे सभी सुविधाएं दे, जिसके वे हकदार हैं।

सिर्फ नौकरी का नहीं, भरोसे का सवाल

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि जब तक आउटसोर्सिंग योजना को वापस नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने कहा कि यह सिर्फ नौकरी का नहीं, बल्कि गरिमा और भरोसे का सवाल है। अगर आज की मेहनत का यह सिला मिला, तो कल कोई भी तकनीकी श्रमिक इस संस्थान से नहीं जुड़ना चाहेगा। मजदूरों ने मांग की है कि कंपनी सार्वजनिक रूप से घोषणा करें कि वह अपने कर्मचारियों को सभी मूलभूत सुविधाएं खुद देगी, एजेंसी के माध्यम से नहीं।

झामुमो ने बिरसा मुंडा सहित अन्य महापुरुषों का किया अपमान : प्रतुल

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर हमला करते हुए पार्टी पर भगवान बिरसा मुंडा, बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर, सिद्धो-कान्हू सहित झारखंड के शहीदों और महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाया है। प्रतुल ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े एक संगठन की बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व मंच पर बैठा था और उनके मंच के पास उनके पैरों के नीचे भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीर लगाई गई थी। यह बेहद शर्मसार करने वाला वाकया है और यह झारखंड मुक्ति मोर्चा की शहीदों के प्रति सोच को दिखाता है। प्रतुल ने कहा भगवान बिरसा मुंडा को पूरा झारखंड भगवान के रूप में मान्यता देता है। बाबा साहेब अंबेडकर संविधान के निमार्ता और वंचित समुदाय के मसीहा थे। सिद्धू कान्हू सहित अनेक महापुरुष जो झारखंड में पूजनीय है उनकी तस्वीर को झामुमो के नेताओं ने अपने पैरों के नीचे लगा कर रखा था। प्रतुल ने कहा कि इससे पहले भी लालू प्रसाद के जन्मदिवस के अवसर पर उनके पैरों के पास बाबा साहब की तस्वीर को रखा गया। लालू प्रसाद ने ऐसा करने से मना भी नहीं किया था।

अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने तामिला किया इश्तिहार

RANCHI : बेड़ो थाना क्षेत्र के हाटू गांव निवासी अभियुक्त नईम हुसैन को रायडीह थाना कांड संख्या 32/2024 के तहत पुलिस पदाधिकारी धनंजय सिंह के द्वारा इश्तिहार का तामिला किया गया। पुलिस के अनुसार, संबंधित मामले में अग्रेतर कानूनी प्रक्रिया के तहत अभियुक्त की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए इश्तिहार की कार्रवाई की गई है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जो न्यायिक आदेश के अनुपालन में की जाती है। पुलिस ने जनहित में अनुरोध किया है कि यदि किसी को संबंधित व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी हो, तो वह निकटतम थाना को सूचित करे।

समाचार सार

कायस्थ महासभा ने श्रेया को किया सम्मानित

JAMSHEDPUR : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, जमशेदपुर महानगर ने परिवार के सदस्य श्रेया शेखर को रोलबॉल में वर्ल्ड कप जीतने पर सम्मानित किया। सोनारी स्थित चित्रगुप्त भवन में रविवार को हुए कार्यक्रम में महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, श्याम बिहारी लाल, अजय श्रीवास्तव, संजीव सिन्हा, आलोक कुमार सिन्हा, शशांक शेखर, ठाकुर गौतम सिन्हा, विजय कुमार श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, अजय वर्मा, अतुल चंद्र, नरेंद्र कुमार प्रसाद, नरेश कुमार, एसके शाह, संगीता श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव, पूनम श्रीवास्तव, सुषमा सिन्हा, गायत्री दास, सरिता सिन्हा व प्रीति वर्मा भी उपस्थित थीं।

धर्मसास्था मंदिर में हुई नारायण सेवा

JAMSHEDPUR : खरकई लिंक रोड, बिष्टुपुर स्थित धर्मसास्था मंदिर में रविवार को नारायण सेवा हुई। आयोजकों के अनुसार, 150 जरूरतमंदों को भोजन कराने के बाद वस्त्र दान किया गया। इस मौके पर एन राममूर्ति, के. मुरलीधरन, बी. सुब्रमणियन, शिजुलाल, शिव कुमार, पी. श्रीनिवासन सहित कई सदस्य सक्रिय रहे।

बुजुर्गों का बनेगा हेल्थ कार्ड, फॉर्मेट जारी

JAMSHEDPUR : बुजुर्गों के प्रति समर्पित संस्था जीवन ज्योति की बैठक रविवार को बिष्टुपुर स्थित रुसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में हुई। इसमें बुजुर्गो से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी सूचना संग्रहित करने के लिए 6 पेज का फॉर्मेट जारी किया गया। संगठन के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार ने सदस्यों को फॉर्मेट वितरित करते हुए बताया कि इसके माध्यम से संग्रहित जानकारी के आधार पर बुजुर्गों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा एवं उम्र के आधार पर होने वाली बीमारियों से भी उनका बचाव किया जा सकेगा। बैठक में महासचिव मनोज मिश्रा के अलावा उपाध्यक्ष आरबी सहाय, रवि शंकर, शैलेंद्र सिन्हा, महेश चौबे, बीडी तिवारी, विजय शर्मा, डॉ. पूनम, मधुमिता, रश्मि सिन्हा, ज्योति उपाध्याय, प्रेमलाल साहू, एलबी प्रसाद, एमसी झा, लालबाबू चौधरी, जेपी सिंह, उत्तम दत्ताआदि भी उपस्थित थे।

पुण्यतिथि पर याद किए गए लाको बोदरा

JAMSHEDPUR : गोलमुरी स्थित हो समाज भवन में रविवार को महान भाषाविद, हो भाषा की 'वारांग क्षिति' लिपि के जनक एवं समाज सुधारक ओत गुरु कोल लाको बोदरा की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष बिरसिंह बिरुली ने लाको बोदरा की जीवनी पर प्रकाश डाला और युवाओं को साहित्य के क्षेत्र में आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रवि सवैया, पूरन हेंब्रम, डेविड सिंह बनरा, राकेश उरांव, शंभू मुखी, नंदलाल पातर, कार्तिक उरांव, विजय बारी आदि भी उपस्थित थे।

गायत्री परिवार के शिविर में 174 यूनिट रक्तदान

JAMSHEDPUR : अखिल विश्व गायत्री परिवार के नवयुगदल युवा प्रकोष्ठ एवं प्रज्ञा महिला मंडल टाटानगर के तत्वाधान में रविवार को बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर ब्लड सेंटर में शिविर लगाया गया, जिसमें 174 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर का उद्घाटन जोजोबेड़ा स्थित सीमेंट प्लांट (न्युवोको विस्टास कॉर्प) के वरिष्ठ वित्त पदाधिकारी अजय पांडे, संतोष संगम (उप जोन प्रभारी), सीए मुकेश अग्रवाल, आरके सिन्हा, शंभुनाथ दुबे आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया, जबकि रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाने सांसद बिद्युत बरण महतो भी पहुंचे। गायत्री परिवार के 60वें रक्तदान शिविर में प्रांतीय युवा समन्वयक संतोष कुमार राय ने 60वीं बार रक्तदान किया।

वैश्य महा सम्मलेन ने लगाया रक्तदान शिविर

JAMSHEDPUR : अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, झारखंड प्रदेश ने रविवार को बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर ब्लड सेंटर में शिविर लगाया। आयोजकों के अनुसार, शिविर में 340 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर का उद्घाटन सांसद बिद्युत बरण महतो ने किया। शिविर में संस्था के प्रदेश महामंत्री विकास गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पूर्व प्रदेश पदाधिकारी मुकेश मित्तल, विनीता शाह, सुनीता भगत, ऋषि गुप्ता, दिनेश चौरसिया, राकेश साहू, आलोक कुमार आदि सक्रिय रहे।

लगातार बारिश से नदियों में उफान बाढ़ के हालात, हेल्पलाइन नंबर जारी

स्वर्णरेखा व खरकई नदी के तट पर रहने वालों को किया गया अलर्ट

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर सहित पूर्वी सिंहभूम जिले में बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते स्वर्णरेखा और खरकाई नदियां एक बार फिर उफान पर हैं। दोनों नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे नदी किनारे रहने वाले अलर्ट मोड में आ गए हैं। नदियों के किनारे बसे इलाकों जैसे बागबेड़ा, जुगसलाई, शास्त्रीनगर, मानगो, भुइयांडीह आदि में लोग सतर्क हो गए हैं। शनिवार रात भर हुई बारिश से ग्रामीण इलाकों में जल भराव की स्थिति बन गई है। कई गांवों में कच्चे मकान ढह गए हैं और प्रभावित परिवारों ने सरकारी भवनों में शरण ली है। जिला प्रशासन ने आपात स्थिति में किसी सूचना या सहायता के लिए कंट्रोल रूम में 0657-2444233 पर संपर्क करने की हिदायत जारी की है।

पूर्वी सिंहभूम जिले के गांवों में नदी का पानी घुसने से बाढ़ जैसा नजारा ● फोटोन न्यूज

इस बार नगर निकायों की ओर से नालों की सफाई का कार्य नहीं किया गया, जिसका असर अब शहर झेल रहा है। खासकर मानगो इलाके में नालों की सफाई न होने से हालत और बिगड़ गई है। मामूली बारिश में ही जल भराव की स्थिति बन गई है। नाले ओवर फ्लो हो रहे हैं और गंदा पानी घरों में घुस रहा है। रविवार को आजाद नगर, हड्डीगोदाम, दाईगुट्टू, वारिस कॉलोनी जैसे इलाकों में पानी भर गया। गंदे पानी की वजह से रास्ते बंद हो गए हैं। स्थानीय निवासी जवाहर नगर के जैद ने बताया कि नालों की सफाई नहीं होने से नाले का पानी घरों में घुस रहा है।

पोटका में भी हालात बेकाबू

पोटका क्षेत्र में जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण बस्ती के घरों में पानी भर गया है। लोग घरों से पानी निकालने के लिए बाल्टियों का सहारा ले रहे हैं। कई सबर परिवार खटिया पर बैठे दिन-रात गुजारने को मजबूर हैं। पोटका बीडीओ अरुण कुमार मुंडा ने बताया कि सूचना मिलते ही प्रभावित लोगों को आश्रय स्थलों जैसे पंचायत भवन और विद्यालयों में भेजा जा रहा है। भारी बारिश से पोटका बेगनाडीह रोड भी प्रभावित हुई है। भालकी और बामनबासा के बीच पुल बह गया है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है।

मूसलाधार बारिश से घाटशिला के कई इलाकों में घुसा पानी

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में शनिवार की शाम से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से रविवार को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। सबसे खराब स्थिति घाटशिला की बिहारी कॉलोनी की है, जहां लोगों के घरों में पानी दो से तीन फीट तक घुस गया है। घरों में घुटने तक पानी भरा है। कई लोगों के घरों में रखे खाने-पीने के सामान भी पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं। इसके अलावा फूलडुंगरी स्थित वन विभाग के कार्यालय एवं दुकान तथा घरों में पानी घुसने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा कई दुकानों में काफी पानी घुस जाने से दुकान में रखे सामान पूरी तरह डूब गए हैं।

'दिल्ली में क्यों हो रहा दिशोम गुरु का इलाज, सीएम बताएं'

CHAIBASA : डुमरी के विधायक जयराम महतो ने रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के चाईबासा में गांधी शहीद पार्क और बंदगांव प्रखंड के कराईकेला में विशाल जनसभा की, जिसमें काफी संख्या में लोग उमड़े। जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा कि आज दिशोम गुरु शिबू सोरेन दिल्ली में इलाज करा रहे हैं, मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछना चाहता हूं झारखंड में क्या एक भी अस्पताल नहीं है, जहां दिशोम गुरु का इलाज हो सके। वे 5 साल से सरकार चला रहे हैं, मगर यहां एक अच्छा अस्पताल नहीं बना सके। यह झारखंड का दुर्भाग्य है।

जयराम ने कहा कि कोल्हान आंदोलनकारियों का गढ़ रहा है। यहीं से भारत को आजाद कराने, जल जंगल जमीन और झारखंड अलग राज्य की लड़ाई शुरू हुई थी। यहां आयरन ओर, मैगनीज समेत अन्य खनिजों का भंडार है, फिर भी यहां के लोग गरीब हैं। यहां के लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार की व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई है। झारखंड की सरकार अफीम की खेती रोकती है और जगह-जगह शराब की दुकान खोल रही है। हमें भीख नहीं अधिकार और सम्मान चाहिए। मंईयां सम्मान योजना के नाम पर हमें 2500 रुपये नहीं, रोजगार चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को 25000 रुपये चाहिए, जिससे लोग स्वाभिमान की जिंदगी जी सकें।

जनसभा को संबोधित करते जयराम महतो

बंदगांव घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हुई यात्रियों से भरी बस

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में रांची-चाईबासा एनएच-75ई पर रविवार को दोपहर में यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बंदगांव घाटी में मनीला बस अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर निकल गई। हादसे के समय बस में दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। बस पेड़ से टकराने के बाद रुक गई, जिससे बड़ी घटना टल गई। बस चाईबासा से रांची जा रही थी। बंदगांव आने से पहले हिरणी फॉल्स के पास कंडेयांग के पास हादसा हुआ। बारिश के बीच तेज रफ्तार में होने से बस तीखे मोड़?.पर नियंत्रण से बाहर हो गई। हादसे के बाद यात्रियों में अफरातफरी मच गई, बस में सवार सभी यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, लेकिन चालक ने उन्हें शांत किया और कड़ी मशक्कत कर उन्हें बस से सुरक्षित बाहर निकाला। हालांकि इस दुर्घटना में यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं।

खरसावां में पुलिस ने बरामद किया आईईडी सहित विस्फोटकों का जखीरा

PHOTON NEWS SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले में जिला पुलिस ने रविवार को भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया। बताया जाता है कि जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत को मिली गुप्त सूचना पर खरसावां थाना की पुलिस और सीआरपीएफ-60 बटालियन की संयुक्त टीम ने खरसावां थाना क्षेत्र के रायजामा ग्राम अंतर्गत छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें गोबरगोटा पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपा कर रखे गए विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया गया। अनुमान है कि ये विस्फोटक सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छिपाकर रखे गए थे। यहां एक डंप से 29 केनबम, डेटोनेटर और वायर की भारी खेप मिली है। बरामद सामग्री में व्हाइट पाउडर-5 किलोग्राम, केन आईईडी (3 किग्रा)- 5 पीस, केन आईईडी (1 किलो)-14 पीस, केन आईईडी (500 ग्राम)- 9 पीस, केन आईईडी (100 ग्राम)-1 पीस, कमर्शियल कोरडैक्स वायर- 9 बंडल (प्रत्येक 100 मीटर), इलेक्ट्रिक डेटोनेटर-500 पीस, नेप्थलीन गोली - 1 किलोग्राम, इलेक्ट्रिक वायर (1मिमी)-2 बंडल, इलेक्ट्रिक वायर (0.5 मिमी) - 2 बंडल और सिरिंज- 66 पीस। बम निरोधक दस्ता की मदद से सभी विस्फोटकों को नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में खरसावां थाना में मामला दर्ज किया गया है।

जब्त किए गए विस्फोटकों के साथ सुरक्षाबल के जवान ● फोटोन न्यूज

विधिक शिविर में किया गया 206 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

PHOTON NEWS CHAIBASA : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), चाईबासा एवं जिला प्रशासन, पश्चिमी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में कोल्हान विश्वविद्यालय परिसर में वृहद विधिक सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से 3,16,623 लाभुकों के बीच 206 करोड़ 18 लाख 17 हजार 825 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इसमें स्वरोजगार योजना के तहत स्कॉर्पियो व ई-रिक्शा, ट्राई साइकिल, फुटबॉल किट, बैंक लिंकेज, आवास योजनाएं, हरित ग्राम, दीदी बगिया, खेल सामग्री आदि शामिल रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश व पश्चिमी सिंहभूम न्यायमंडल के प्रशासनिक न्यायाधीश दीपक रोशन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष डालसा मोहम्मद शाकिर ने की। इस अवसर पर उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उपविकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद समेत कई अधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित थे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहम्मद शाकिर ने बताया कि जिनकी सालाना आय तीन लाख रुपये से कम है, उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता दी जाती है। कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर निःशुल्क कानूनी सलाह ले सकता है।

लाभुक को डमी चेक प्रदान करते न्यायिक पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, दो तस्कर फरार

JAMSHEDPUR : मानगो के उलीडीह थाना क्षेत्र में पुलिस ने संकोसाई रोड नंबर 5 स्थित जेपी स्कूल के पास छापेमारी कर एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार युवक की पहचान कालिकानगर शिव मंदिर के पास रहने वाले नवीन ठाकुर के रूप में हुई है। उसके पास से 8 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, वह इन पुड़ियों को बेचने की फिराक में था। इस पूरे मामले में उलीडीह थाना के सब-इंस्पेक्टर विवेक पाल के बयान पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पहले से सूचना मिली थी कि संकोसाई क्षेत्र में कुछ युवक अवैध ड्रग ट्रेड में संलिप्त हैं। पुलिस ने पहुंचते ही नवीन ठाकुर को पकड़ लिया, जबकि कुंदन पोलिया और बाला नामक दो अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। फरार आरोपियों की पहचान कर ली गई है और पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा।

जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन की कार्यकारिणी हुई पुनर्गठित

रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में जुटे जेएमए के सदस्य ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (जेएमए) की 26वीं वार्षिक आमसभा (एजीएम) 28 जून को बिष्टुपुर स्थित रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में हुई। इसमें कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। इसके तहत चैतन्य भानु (वीपी-ऑपरेशंस, टाटा स्टील, जमशेदपुर) को मानद अध्यक्ष, सुरेंद्र गोयनका (हेड-फाइनेंस एंड अकाउंट्स, टाटा स्टील) को मानद कोषाध्यक्ष, अजितेश मोंगा (हेड, प्लांट ऑपरेशंस, जमशेदपुर, टाटा कमिंस) और गौरव मारवाह (डायरेक्टर, वेलर वायर प्राइवेट लिमिटेड) को समिति में नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इससे पूर्व अमिताभ भट्टाचार्य (मानद सचिव) ने वित्त वर्ष 2024-25 की प्रमुख उपलब्धियों और गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शन रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके उपरांत विवेक बांका (मानद कोषाध्यक्ष) ने संगठन की वित्तीय स्थिति प्रस्तुत की। सदस्यों ने निवर्तमान कार्यकारिणी सदस्यों चाणक्य चौधरी, विवेक बांका, बेली बोधनवाला और रवि राधाकृष्णन के योगदान और मार्गदर्शन को सराहा।

मजलिसों में शिरकत कर रहे हर धर्म व फिरके के लोग, सुन रहे त्योहार की खासियत

जमशेदपुर के मुहर्रम में दिख रही एकता की झलक, पहुंच रहा इंसानियत का पैगाम

MUJTABA RIZVI @ JSR : जमशेदपुर में मुहर्रम का पर्व पूरे अकीदत और एहतेराम के साथ मनाया जा रहा है। साकची और मानगो में मजलिसों का सिलसिला जारी है। मानगो में जाकिर नगर के हुसैनी मोहल्ला में इमामबारगाह में सुबह 10 बजे तो साकची में हुसैनी मिशन के इमामबाड़े में रात आठ बजे मजिलस का आयोजन हो रहा है। साकची के हुसैनी मिशन के इमामबाड़े में मनाया जा रहा मुहर्रम सामाजिक एकता का प्रतीक बन रहा है।

यहां शिया समुदाय के अलावा अहले सुन्नत समुदाय के अकीदतमंद भी मजलिस में शिरकत कर रहे हैं। यहां होने वाली मजलिस में अहले सुन्नत के बुद्धिजीवियों ने शिरकत की और मजलिस सुनी। अहले सुन्नत बुद्धिजीवी महताब आलम इलाहाबादी ने कहा कि कर्बला ने इंसानियत को हमेशा के लिए जिंदा कर दिया। एक अन्य अहले सुन्नत दानिश्वर प्रोफेसर असलम मलिक ने कहा कि कर्बला हमें सिखाती है कि अत्याचारी के खिलाफ कैसे डट कर खड़े होना है। हुसैनी मिशन की तरफ से मौलाना सैयद सादिक अली, रईस रिजवी, मोहम्मद राशिद, मुनीर हसन आदि ने कहा कि कर्बला एकता का पैगाम देती है और बताती है कि हमें हमेशा मजलूम की मदद करनी चाहिए चाहे वह किसी भी धर्म या फिरके का हो।

मजलिस में जुटे लोग ● फोटोन न्यूज

इन हालात में कर्बला पहुंचे थे इमाम हुसैन

इमाम हुसैन मदीने से अपने नाना के रौजे से विदा लेकर धर्म को बचाने के लिए इराक की तरफ रवाना हो गए । यजीद ने एक चाल चली थी और अपने जासूसों व चेलों को लगा कर इमाम को खत लिखवाया की कूफे आ जाएं। हम सब आपकी बैयत करेंगे। इस पर इमाम हुसैन ने अपने चचेरे भाई हजरत मुस्लिम को कूफा भेजा। वहां इब्ने ज्याद पहले से ही पहुंच चुका था। वहां हजरत मुस्लिम को यजीदियों ने घेर कर शहीद कर दिया। इसके बाद इमाम हुसैन कूफा न जाकर कर्बला पहुंचे। कर्बला में कम से कम 30 हजार यजीदी फौजें थीं। जबकि, इमाम हुसैन के साथ कुल 72 लोग थे। इमाम के साथ महिलाएं और बच्चे भी थे। इससे साफ है कि वह जंग के इरादे से नहीं निकले थे।

क्यों मनाया जाता है मुहर्रम

मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का एक महीना है। मगर, इसी महीने में बनी उमैया के एक शासक यजीद ने रसूल-ए-अकरम हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे व आलेही वसल्लम के नवासे और अल्लाह की तरफ से तैनात किए गए इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम, उनके खानदान के लोगों और साथियों को शहीद कर दिया था। यह घटना 10 मुहर्रम सन 61 हिजरी को इराक के एक शहर कर्बला में फरात नदी के किनारे अंजाम दी गई थी। यजीद ने अपने दो सिपहसालार अमर इब्ने साद और गवर्नर उबैदुल्लाह इब्ने जियाद को इस काम पर लगाया था। यजीद जब शासक बना तो उसने इमाम हुसैन से बैयत करने को कहा। बैयत करने का मतलब कि यजीद इस्लाम के बारे में जो भी आदेश दे उसका इमाम हुसैन समर्थन करें। इमाम हुसैन ने बैयत करने से इंकार कर दिया। इमाम हुसैन ने कहा कि अल्लाह के जितने भी प्रतिनिधि इस दुनिया में आए किसी ने राक्षसों की बैयत नहीं की। हजरत मूसा ने फिरऔन की बैयत नहीं की। हजरत इब्राहिम ने नमरूद की बैयत नहीं की। इमाम हुसैन ने कहा कि मुझ जैसा तुझ जैसे की बैयत नहीं करता। यह जुमला पिछली दुनिया से लेकर आगे की दुनिया तक लागू होता है। इसका मतलब है कि अल्लाह का नुमाइंदा कभी शैतान के नुमाइंदे की बैयत नहीं कर सकता।

नौ मुहर्रम की रात को ही हो गया था यजीदी हमला

नौ मुहर्रम की रात में ही यजीदियों ने इमाम हुसैन के खेमों पर हमला कर दिया। इसके बाद इमाम के भाई हजरत अब्बास ने यजीदियों से कहा कि एक रात की मोहलत दो ताकि हम सब अल्लाह की इबादत कर लें। रात इमाम ने अपने साथियों की साथ अल्लाह की इबादत में गुजारी। 10 मुहर्रम को सुबह जंग का मैदान सज गया। तय हुआ था कि एक पर एक की जंग होगी। इधर से इमाम हुसैन का एक साथी जंग के मैदान में जाता और जब उससे यजीदी जीत नहीं पाते थे तो युद्ध के कानून का उल्लंघन कर कई लोग घेर कर इमाम के साथी को शहीद कर देते थे। यजीदियों ने सात मुहर्रम से ही इमाम के खैमों में पानी ले जाने पर पाबंदी लगा दी थी। बच्चे प्यासे हुए तो इमाम ने अपने भाई हजरत अब्बास को जंग की अनुमति नहीं देते हुए सिर्फ पानी लाने के लिए भेजा जिन्हें यजीदियों ने शहीद कर दिया। जब सबकी शहादत हो गई तो इमाम हुसैन अपने छह महीने के बच्चे अली असगर को मैदान में लाए और कहा कि इस मासूम बच्चे को तो पानी दे दो। इस पर यजीदियों की तरफ से एक कुख्यात तीरंदाज हुरमुला ने तीन फल वाले वजनी तीर से छह महीने के मासूम असगर को कत्ल कर डाला। हजरत अली असगर की याद में ही मजलिसों में झूला या गहवारा निकाला जाता है।

तुलसी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर छात्रों ने रखे विचार

JAMSHEDPUR : तुलसी भवन द्वारा आयोजित तुलसी जयंती समारोह के अंतर्गत कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के लिए रविवार को विषय संप्रेषण (भाषण) प्रतियोगिता हुई। इसमें नगर के 23 विद्यालयों के 86 विद्यार्थियों ने संत तुलसीदास के व्यक्तित्व व कृतित्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के आरंभ में संस्थान के मानद महासचिव डॉ. प्रसेनजित तिवारी ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए पूरे कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ. यमुना तिवारी व्यथित, डॉ. अरुण सज्जन, विजयालक्ष्मी 'वेदुला', डॉ. उदय प्रताप हयात, दिव्येंदु त्रिपाठी, अनिता निधि, नीलिमा पांडेय, डॉ. वीणा पांडेय 'भारती', कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी' व राजेंद्र राज रहे। छात्रों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र एवं उपहार प्रदान करने वालों में सुभाषचंद्र मूनका, रामनंदन प्रसाद, डॉ. प्रसेनजित तिवारी आदि रहे।

BRIEF NEWS

लाखों के जेवरात और सामान पर चोरों ने साफ किए हाथ

BHAGALPUR : जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के गोसाई दासपुर पंचायत अंतर्गत मथुरापुर गांव में चोरों ने चोरी की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात, पीतल के बर्तन, सिलाई मशीन और कीमती कपड़े सहित कई सामान चुरा लिए। पीड़िता कंचन कुमारी ने नाथनगर थाना में रविवार को लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ नीचे के कमरे में सोई थी। सुबह बच्चों को स्कूल भेजने के बाद जब पूजा के लिए छत पर पहुंचीं तो देखा कि ऊपर कमरे का ताला टूटा हुआ था।

'सरकार के साथ समाज की ताकत से बनेगा विकसित भारत'

EAST CHAMPARAN : स्वर्णिम भारत निर्माण के अध्यक्ष मनीष कुमार शेखर ने रविवार को मोतिहारी में कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। शेखर ने कहा कि सरकार के साथ समाज की ताकत से ही विकसित भारत बनाया जा सकता है। मनीष ने कहा कि सरकार की एक सीमा है जिससे अधिक करना संभव नहीं है लेकिन समाज की ताकत अनंत है जो भारत को एक दिन विकसित भारत के साथ पुनः विश्वगुरु के रूप में स्थापित करेगा। शेखर ने कहा कि जब भी देश को जरूरत पड़ी है बिहार उसका मार्गदर्शन किया है।

घरेलू विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या

BHAGALPUR : जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर परिषद सुल्तानगंज वार्ड दो के मिल्की मुहल्ला गांव में शनिवार की देर रात पति ने पत्नी की पहले पिटाई की फिर गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर घटना की छानबीन में जुट गई। घटना को लेकर परिजन ने बताया कि अक्सर पति और पत्नी में घरेलू विवाद होते रहता था। शनिवार की देर रात रोने की आवाज सुनाई दी। रविवार सुबह पता चला कि असलम खान की पत्नी रौशनी देवी की हत्या कर दी गई है। इस घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया।

वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

EAST CHAMPARAN : जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के इंग्लिश चौक के समीप थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में दरोगा संतोष कुमार जायसवाल व अमित कुमार रंजन ने वाहन जांच के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार अपराधियों में पश्चिमी चम्पारण जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बरवत गांव निवासी शंभू पासवान का पुत्र दीपक कुमार व मलाही थाना क्षेत्र के तेजपुरवा कुर्मी टोला गांव निवासी स्व.भूटन साह का पुत्र ऋषिकेश कुमार शामिल हैं।

मुसलमानों के खिलाफ हो रही है साजिश : तेजस्वी यादव

'वक्फ बचाओ संविधान बचाओ' सम्मेलन के दौरान जेपी-गंगा पथ पर वाहनों के कारण लगा जाम

AGENCY PATNA : पटना के गांधी मैदान में रविवार को 'वक्फ बचाओ-दस्तूर बचाओ' कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसे संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में सभी समाज के पूर्वजों ने कुर्बानी दी है। लेकिन आज साजिश के तहत मुस्लिम समाज के लोगों को परेशान किया जा रहा है। जबतक हमारे नेता लालू प्रसाद यादव मुस्लिम समाज के साथ हैं, अंतिम सांस तक हम लोग उनकी लड़ाई लड़ते रहेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश को तोड़ने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हम लोग एक हैं। बिहार में किसी भी कीमत पर पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण नहीं होने दिया जाएगा। हिंदुस्तान की सरजमीं का एक-एक इंच, हर पन्ना चीख-चीखकर इस बात की गवाही देता है कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में चाहे हिंदू हो या मुसलमान, सिख हो या ईसाई सभी ने इस देश की आजादी के

लिए कुबार्नी देने का काम किया है। ये हम सबों का देश है। तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग की तरफ से विशेष पुनरीक्षण के नाम पर साजिश रची जा रही है, लेकिन हम लोग मिलकर लड़ेंगे और जीतेंगे। अब भारतीय जनता पार्टी सत्ता से जाने वाली है, तो गरीब, पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित लोगों से मतदान के अधिकार को छीना जा रहा है। मतदाता सूची में संशोधन के नाम पर आपके वोट के अधिकार को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। ये बहुत बड़ी साजिश है, इसलिए आप लोग सचेत रहियेगा और ऐसा होने मत दीजिएगा। उल्लेखनीय है कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों का पटना के गांधी मैदान में बड़ा जुटान हुआ है। इमारत-ए-शरिया फुलवारी शरीफ की ओर से इसका आयोजन किया गया। सभी प्रमुख दलों को आमंत्रण भेजा गया था। राजद, कांग्रेस और जदयू के बड़े नेताओं को बुलाया गया था।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का राजद पर हमला, कहा-

बिहार में नहीं लौटेगा 90 के दशक वाला जंगलराज

AGENCY HAJIPUR : केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार के अगले मुख्यमंत्री को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री कौन बनेगा यह बिहार की जनता ही तय करेगी, लेकिन इतना सच है कि जनता राजद को चुनकर जंगलराज की वापसी नहीं होने देगी। हाजीपुर में पत्रकारों से बात करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि बिहार की जनता 1990 के दशक के जंगलराज को दोबारा नहीं लाएगी। उस दौर की यादें आज भी बिहारियों के जेहन में ताजा हैं, जब राजद कार्यकर्ता और लालू के परिवार ने बिहार को बर्बाद किया था। पासवान ने आपातकाल की तुलना करते हुए कहा कि जैसे देश को इमरजेंसी की सच्चाई बताना जरूरी है, वैसे ही बिहार के जंगलराज का इतिहास भी युवाओं को बताना जरूरी है।

नयी पीढ़ी को इतिहास की जानकारी जरूरी : चिराग पासवान ने युवा और पहली बार मतदान करने वाले वोटरों से उस दौर की सच्चाई को समझने की अपील की। पासवान ने कहा, '1990 का वो दशक, जब राजद और लालू के परिवार ने बिहार को बर्बाद किया, वो यादें हर उस बिहारी के जेहन में हैं, जिन्होंने उस प्रताड़ना को झेला।' उन्होंने 2005 के बाद जन्मे युवाओं को उस समय की स्थिति के बारे में बताने की जरूरत पर बल दिया। पासवान ने राजद पर बिहारियों को पलायन के लिए मजबूर करने और राज्य को तबाह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहली बार वोट देने वाले युवाओं को यह जानना जरूरी है कि उस दौर में बिहार की क्या हालत थी।

वोटर लिस्ट को लेकर विपक्ष पर बरसे

वोटर लिस्ट को अपडेट करने की प्रक्रिया पर विपक्ष के सवालों को खारिज करते हुए पासवान ने कहा कि यह एक नियमित प्रक्रिया है, जिसे समय-समय पर अपनाया जाता है। उन्होंने विपक्ष पर हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया। चिराग पासवान ने कहा, 'विपक्ष का किसी भी व्यवस्था या संस्थान पर भरोसा नहीं बचा। यह एक सामान्य प्रक्रिया है, जिसमें कोई फजीवाड़ा नहीं होता।' उन्होंने विपक्ष पर देश को अराजकता की ओर ले जाने का भी आरोप लगाया। पासवान ने महागठबंधन की हार का दावा करते हुए कहा कि विपक्ष अब हार के बहाने ढूंढ रहा है। उन्होंने कहा, 'अगर विपक्ष सामान्य प्रक्रियाओं को भी संदेह की नजर से देखता है, तो यह साफ है कि उन्होंने अपनी हार मान ली है।'

राजद सुप्रीमो लालू यादव को भाजपा का होना चाहिए शुक्रगुजार : सम्राट

AGENCY PATNA : बिहार बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा है कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को भाजपा का शुक्रगुजार होना चाहिए। समाचार एजेंसी से एक साक्षात्कार में चौधरी ने कहा कि लालू यादव भाजपा की कृपा से मुख्यमंत्री बने, लेकिन आज बीजेपी के सबसे बड़े विरोधी चेहरा हैं। इस बात को कौन मानेगा। नई पीढ़ी को पता भी नहीं होगा कि भाजपा ने ही लालू यादव को सीएम बनाया था। अगर अपने 32 विधायकों का समर्थन नहीं दिया होता, तो लालू यादव मुख्यमंत्री ही नहीं बने होते, कहीं भजन कीर्तन कर रहे होते।

मैं पीड़ा से राजनीति में आया, संघर्ष कर रहा हूं : बातचीत के दौरान सम्राट चौधरी ने राजद चीफ लालू यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मेरी राजनीतिक पैदाइश ही नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हुई। मैं तो राजनीति में आता ही नहीं। जब लालू यादव तत्कालीन मुख्यमंत्री थे। अगर उन्होने हमें जेल नहीं भेजा होता, तो मैं राजनीति में आता ही नहीं। लालू यादव पर हमला बोलते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले राजा आए, फिर रानी लाए, फिर राजकुमार लाए, राजकुमारी लाए।

मैं नीतीश कुमार का सबसे करीबी

एंटी नीतीश पॉलिटिक्स के सवाल के जवाब में सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार की राजनीति घूमती रहती है। कभी हम सत्ता में होते, कभी विपक्ष में होते हैं। जब हम नीतीश जी के खिलाफ में थे, तो उनके खिलाफ लड़ता था। आज समर्थन में हैं, तो सबसे पहले सम्राट चौधरी उनकी पीठ पीछे खड़ा है। इसमें कहां कोई संशय है। लालू बताएं वो नीतीश के पीछे क्यों जाते हैं। बिहार को नीतीश कुमार ने बनाया है, जिसमें कोई मतभेद नहीं है। लालू यादव को भी बड़ा मौका मिला था। 15 साल खुद सीएम रहे, और फिर अपने मुखौटा को 8 साल रखा, लेकिन बिहार में कुछ नहीं किया। वो कहते हैं सामाजिक न्याय काम किया, लेकिन सामाजिक न्याय का मतलब ये थोड़े ही होता है, कि कोई राजा बन जाए। वो आए थे गरीब का बेटा बनकर और सत्ता में बैठकर राजा हो गए।

ब्राउन शुगर तस्करी के मास्टरमाइंड संजय यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

AGENCY ARARIA : भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में ब्राउन शुगर तस्करी का मास्टरमाइंड संजय यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को इनकी लंबे अरसे से तलाश थी।बसमतिया थाना में एनडीपीएस समेत संगीन मामलों में इनके खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।बसमतिया थाना पुलिस ने संजय यादव को बसमतिया बाजार से गिरफ्तार किया।इस बात की जानकारी फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी। एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि 29 मई 2025 को बसमतिया थाना क्षेत्र के बेला वार्ड संख्या आठ में चेकपोस्ट के समीप उमेश खत्वे उर्फ उमेश शर्मा पिता सोमी शर्मा उर्फ सोमी खत्वे को 205 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ गिरफ्तार किया गया था।मामले में

बसमतिया थाना में कांड संख्या 28/25 दिनांक 29 मई 2025 धारा 8(सी), 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार उमेश शर्मा ने पूछताछ के क्रम में बताया था कि यह ब्राउन सुगर को तस्करी के लिए संजय यादव ने उसे दिया था।पुलिस इस मामले के अलावा अन्य मामलों में उनकी तलाश कर रही थी।इसी बीच मिली गुप्त सूचना पर थानाध्यक्ष अमर कुमार, एसआई शिवशंकर पंडित, सिपाही करुण कुमार, शैलेन्द्र कुमार और होमगार्ड के जवान हीरा कुमार सिंह ने संजय यादव को बसमतिया बाजार से गिरफ्तार किया।

नाबालिग बेटी ने अपने पिता पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

AGENCY BHAGALPUR : भागलपुर में पिता और पुत्री के रिश्ते को शर्मसार करने का मामला प्रकाश में आया है। जहां नाबालिग पुत्री ने अपने पिता पर कई बार दुष्कर्म का आरोप लगाया है। नाबालिग ने महिला थाना में पिता के खिलाफ आवेदन दिया तो वहां आवेदन नहीं लिया गया। पीड़िता को थाना पर थानाध्यक्ष ने धमकाया और पिता से सुलह करने की बात की। चार घंटे बाद वरीय पदाधिकारीयों के आदेश पर मामला दर्ज हुआ। घटना को लेकर सिटी एसपी ने डीएसपी-2 राकेश कुमार को मामले की जांच में लगाया है। पीड़िता के मुताबिक उसके पिता उसके साथ कई साल से दुष्कर्म कर रहे थे। उसे और उसकी मां को डरा धमका कर रखे थे। मां को बेहोश कर दिया जाता था। उसके बाद दुष्कर्म किया जाता था। नहीं मानने पर पिटाई की जाती थी। पीड़िता ने आवेदन में लिखा है कि उसके पिता ने प्राइवेट पार्ट में उंगली डालकर कई बार चेक किया। काफी अश्लील हरकत उसके साथ की जाती रही। पीड़िता भागकर अपने नानी घर परबत्ता गयी। वहां पर मामला दर्ज करवाना चाहा। वहां से उसे भागलपुर भेज दिया गया। पीड़िता अपने कॉलोनी में ही एक एडवोकेट के पास पहुंची और उसे घटना की जानकारी दी तो एडवोकेट पीड़िता को लेकर थाना पहुंची थी। मामले में पीड़िता के पिता ने कुछ भी बोलने से इनकार किया। उसने थाना अध्यक्ष को बताया कि लह नेवी से रिटायर हुआ है। उसके बाद उसे 50 लाख रुपये मिले। उस पैसे को हड़पने के लिए मेरी पत्नी, बेटी और उसके मायके वाले ने यह सब खेल रचा है। घटना को लेकर सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि पीड़िता से बात हुई है। मामले में एफआईआर दर्ज हुआ है। एफआईआर 4 घंटे बाद क्यों दर्ज हुआ है, इसकी जांच करवा रहे हैं।

पूर्व भाजपा प्रखंड अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन

EAST CHAMPARAN : जिस सोच के सुरेश कुमार सिंह थे उसके परिणामस्वरूप आज पार्टी बुलंदियों को प्राप्त कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी को बढ़ाने में उनकी भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता है। उक्त बाते बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने रविवार को कही। प्रखंड क्षेत्र के जसौली जमुनिया गांव के मध्य विद्यालय में भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्व सुरेश प्रसाद सिंह की 18 वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र शेखर सिंह एव अंशु सिंह, बेटी सौम्या शेखर द्वारा निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन मंत्री पासवान, कल्याणपुर के पूर्व विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह,भाजपा नेता मयंकेश्वर सिंह, जदयू नेता दिव्यांशु भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के उदघाटन के बाद अतिथियों ने स्व सिंह के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इस बीच प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश कुमार को मंत्री श्री पासवान द्वारा विशिष्ट चिकित्सक अवॉर्ड से नवाजा गया। उक्त अतिथियों ने फीता काटकर मेडिकल कैंप का उद्घाटन किया।

मुठभेड़ में पुलिस ने बदमाश के पैर में मारी गोली, व्यवसायी की हत्या की रच रहा था साजिश

AGENCY SIWAN : टाउन थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर में रविवार सुबह पुलिस ने एक बदमाश के पैर में गोली मार कर घायल कर दिया। इसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाश का नाम सुनील कुमार सिंह है। उस पर शहर के एक व्यवसायी की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। इसके अलावा भी कई आपराधिक मामलों में वह आरोपित है।

पुलिस रविवार की सुबह सुनील को लेकर लक्ष्मीपुर इलाके में गई थी। जहां उसने पुलिस टीम पर हमला कर भागने की कोशिश की। दरअसल सीवान शहर के एमएम कॉलोनी के निवासी एक व्यवसायी ने टाउन थाना में आवेदन देकर अपनी हत्या की साजिश रचे जाने की शिकायत की थी। पुलिस ने मामले की जांच की तो सुनील कुमार सिंह का नाम सामने आया। जो पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। इसके बाद शनिवार की रात पुलिस ने सुनील सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में उसने बताया कि हत्या

के लिए इस्तेमाल होने वाला हथियार उसने लक्ष्मीपुर में छिपाकर रखा है। रविवार की सुबह पुलिस उसे लेकर हथियार बरामद करने गई थी। जहां वह पुलिस पर हमला कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस का कहना है कि सुनील कुमार सिंह को लेकर लक्ष्मीपुर गई थी। जहां मौका मिलते ही उसने पुलिस टीम पर हमला कर भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें उसके पैर में गोली लगी। गोली लगते ही वह मौके पर गिर पड़ा। जिसके बाद पुलिस ने उसे काबू में लिया और इलाज के लिए तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया। पहले से दर्ज हैं कई मुकदमेटाउन थाना के इंस्पेक्टर राजू कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई व्यवसायी की शिकायत के आधार पर की गई थी। पुलिस उसे लेकर हथियार बरामद करने गई थी।

विधान परिषद सभागार में आयोजित हुआ स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान कार्यक्रम

हमें भारत पर बढ़ाना चाहिए अपना आत्मविश्वास : राज्यपाल

AGENCY PATNA : स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान, बिहार के द्वारा रविवार बिहार विधान परिषद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि हमें भारतीय होने का विश्वास बने रहना चाहिए और अपना आत्मविश्वास भारत पर बढ़ाना चाहिए। यही देश की आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि बीते 34 वर्षों से स्वदेशी जागरण मंच यही कार्य कर रहा है। स्वदेशी नाम से अभियान बंगाल विभाजन के समय सन 1905 के साथ शुरू हुआ। लेकिन लंबे समय से विदेशी शासन में रहने के कारण आत्मविश्वास भी

स्वदेशी सुरक्षा और स्वावलंबन अभियान कार्यक्रम में शिरकत करते राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व अन्य

घटा है, और आत्म सम्मान से रहने में भी कमी आई है। मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज जरूरत है कि स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाया जाए, दैनिक जीवन में इसके प्रयोग को बढ़ाया जाए। वर्तमान बिहार सरकार कुएं, तालाब और नहर के रख-रखाव के द्वारा पुरातन को युगानुकूल भी कर रहा है। उनका सुंदरीकरण करते हुए तालाब एक पर्यटन के रूप में विकसित करने का योजना चल रही है। बिहार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत जैसे दूरदर्शी विचारों से प्रेरित यह आयोजन स्थानीय उत्पादों के संवर्धन, स्वदेशी विचारधारा के प्रचार-प्रसार और राष्ट्र के आर्थिक स्वालंबन की दिशा में एक प्रभावी प्रयास सिद्ध होगा। जिससे आने वाले समय में मेक इन इंडिया को संबल प्राप्त होगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह डॉ मोहन सिंह ने कहा कि संघ के 100वें वर्ष में स्व-जागरण का अभियान चल रहा है। स्वदेशी जागरण मंच इस कार्य को पूरी लगन और निष्ठा से कर रहा है। हमें अपने जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग बढ़ाना चाहिए।

पीएम मोदी के 'मन की बात' की 123वीं कड़ी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

AGENCY ARARIA : पीएम के मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति देशवासियों द्वारा सामूहिक प्रयासों और इच्छा शक्ति से किये जा रहे कार्य को साझा करने का माध्यम है। जो विकसित भारत निर्माण के संकल्प को और सुदृढ करता है।उक्त बातें भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने रविवार को कहीं। भाजपा नगर महामंत्री संदीप कुमार की अगुवाई में भाजयुमो मंडल प्रभारी विपुल सिंह,बूथ अध्यक्ष राजेश्वर साह, आईटीसेल संयोजक शुभम राय संग मन की बात कार्यक्रम के 123वें कड़ी को बूथ संख्या 150 पर टीवी पर श्रवण के उपरांत कुमार ने संबोधन की खास बातों का उल्लेख करते हुए बताया कि पीएम ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता और दुनिया भर में लोगों की उत्साह पूर्ण भागीदारी की बारे में बात की।

उन्होंने आपातकाल को याद किया तथा संविधान रक्षकों को नमन करते हुए तीर्थयात्रियों द्वारा की जाने वाली पवित्र यात्राओं,स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की सफलता व प्रकृति संरक्षण के महत्व सहित कई दिलचस्प विषयों पर जानकारी साझा की। पीएम ने वियतनाम में पूज्यनीय भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों पर बात की तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को गम्भीर बीमारी ट्रेकोमा मुक्त होने की जानकारी के साथ साथ देश के 95 करोड़ लोग सरकारी योजनाओं के लाभार्थी होने पर कहा कि आने वाले दिनों में देश और सशक्त होगा।

संत कबीरदास की जयंती पर पान सम्मान समारोह का आयोजन

BHAGALPUR : भारतीय जनता पार्टी भागलपुर इकाई के द्वारा रविवार को संत शिरोमणि संत कबीरदास की जयंती के अवसर पर टाउन हॉल, भागलपुर में पान (तांती) सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शहनवाज हुसैन, विधायक ई. ललन पासवान, विधान परिषद सदस्य डॉ. एन.के. यादव, लालमोहन गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी भागलपुर इकाई के सभी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। जिसमें सभी अतिथियों ने एक साथ हिस्सा लिया।

आतंक के विरुद्ध भारत की दृढ़ता, नहीं की जा सकती आतंकी हमलों की अनदेखी

चीन के किंगदाओ शहर में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन आतंक के खिलाफ भारत की दृढ़ता के लिए याद किया जाएगा। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के उस संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख तो नहीं था, उलटे बलूचिस्तान का संदर्भ जोड़ दिया गया था। भारत का यह रुख पहलगाम आतंकी हमले के बाद से कायम उसके रवैए के अनुरूप ही है कि आतंक के साथ अब कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अगर भारत किसी मंच पर इसे लेकर अलग-थलग भी पड़ जाए तो उसे उसकी कोई परवाह नहीं। इससे पहले आपरेशन सिंदूर के बाद भी विभिन्न देशों में भेजे गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से भी भारत ने वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने का जोरदार अभियान चलाया था। एससीओ के मंच पर भी भारत ने उसी नीति की निरंतरता को प्रदर्शित किया। मूल रूप से चीन के वर्चस्व वाले एससीओ का भारत काफी समय बाद सदस्य बना है। पाकिस्तान भी इसका सदस्य है। इस समूह के प्रमुख उद्देश्यों में से एक यह भी है कि आतंकवाद और चरमपंथ के खिलाफ वह क्षेत्रीय सहयोग के लिए आधार तैयार करने की भूमिका निभाएगा, लेकिन इसकी कार्यप्रणाली उसके चरित्र से मेल नहीं खाती। समय के साथ इस संगठन में चीन का वर्चस्व और बढ़ता गया है। इसका एक कारण बदले हुए वैश्विक समीकरणों में रूस पर लगे तमाम प्रतिबंध भी हैं, जिनके चलते मास्को की बीजिंग पर निर्भरता बढ़ी है। अन्यथा रूस भी इस समूह में एक संतुलक की भूमिका निभाता रहा है। बढ़ते दबदबे का लाभ चीन अपने निहित स्वार्थों को साधने में कर रहा है। पाकिस्तान का पुरजोर समर्थन इसकी पुष्टि करता है। यह किसी से छिपा नहीं है कि आतंकवाद को लेकर चीन कई मौकों पर पाकिस्तान की ढाल बना है और ऐसा ही एक प्रयास उसने एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भी किया। यह इससे स्पष्ट झलकता है कि पहलगाम के जिस आतंकी हमले की दुनिया भर में कड़ी भर्त्सना हुई उसका उल्लेख तक एससीओ दस्तावेज में नहीं किया गया। उलटे उस बलूचिस्तान का प्रसंग जोड़ा गया, जहां पाकिस्तानी सेना द्वारा स्थानीय लोगों का बर्बरता से किया जा रहा दमन मानवीय उत्पीड़न के नए रिकार्ड बना रहा है। पहलगाम का संदर्भ हटाकर और बलूचिस्तान का मुद्दा जोड़ने की यह कवायद भारत को असहज करने के लिए ही की गई और ऐसी स्थिति में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दस्तावेज पर हस्ताक्षर से किनारा करके बिल्कुल सही किया। असहमति के इस संदेश की गूंज दुनिया भर में सुनी जाएगी। चीन और पाकिस्तान को लेकर अक्सर कहा जाता है कि भारत को दो मोर्चों पर लड़ाई के लिए अपनी तैयारी करनी होगी, लेकिन देखा जाए तो यह दोहरा नहीं, बल्कि एक ही मोर्चा है। हम चीन और पाकिस्तान को अलग करके नहीं देख सकते। चीन का पाकिस्तान प्रेम इस कदर बढ़ चुका है कि उसके लिए वह कोई भी कदम उठाने को तैयार दिखता है। एससीओ के हालिया सम्मेलन की ही बात करें तो किसी भी संगठन में चेयर या प्रमुख की भूमिका वाले देश का एक दायित्व यह भी होता है कि वह समूह के समक्ष आए एजेंडे पर सहमति बनाए। यदि सहमति न भी बना पाए तो ऐसा करने के लिए प्रयासरत तो दिखना चाहिए, लेकिन रक्षा मंत्रियों की बैठक से जुड़े संयुक्त बयान के मामले में चीन ने ऐसी कोई कोशिश तक नहीं की। दोनों देशों की यह मिलीभगत वह दुरभिसंधि दशार्ती है, जिसका भारत को समय रहते कोई तोड़ खोजना होगा। पाकिस्तान के साथ निपटना भारत के लिए कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन उसे मिलता चीन का साथ इस चुनौती को और विकराल बनाता जाएगा। भारत और चीन के संबंधों में भी लंबे समय से तल्खी हावी रही है। पिछले साल अक्टूबर में दोनों देशों के बीच वार्ता से संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में कुछ सहमति बनी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक टैरिफ नीति ने भी दोनों देशों को परस्पर हितों की पूर्ति के लिए साथ आने के लिए कुछ हद तक प्रेरित किया है। परिणामस्वरूप संबंधों में कुछ सहजता का भाव बनता दिखा है। कैलास-मानसरोवर यात्रा भी पांच साल बाद फिर से आरंभ हुई है। इस सबके बावजूद इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि पाकिस्तान का पहलू चीन के साथ संबंधों में सदैव एक रोड़ा बना रहेगा। चीन अपने हितों की पूर्ति के लिए भारत को भाव तो देना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान की कीमत पर नहीं। इसलिए भारत को भी चीन के साथ सतर्कता के साथ आगे बढ़ना होगा। पाकिस्तान के अलावा खुद चीन का पिछला रिकार्ड भी इस सतर्कता की आवश्यकता को मुखरता से रेखांकित करता है। इन परिस्थितियों में भारत चीन के साथ तात्कालिक एवं मध्यम अवधि में कुछ बिंदुओं पर आगे बढ़ सकता है, लेकिन दीर्घकालिक भविष्य के लिए उसे चीन की प्रभावी काट के लिए कोई स्थायी उपाय करना ही होगा। अमेरिका को पीछे छोड़कर स्वयं विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में स्थापित होने को लालायित चीन कभी नहीं चाहेगा कि उसके पड़ोस में भारत जैसी किसी बड़ी ताकत का उभार हो। यह सुनिश्चित करने में वह अपने स्तर पर तो प्रयास करेगा ही, लेकिन समय-समय पर भारत को परेशान करने के लिए पाकिस्तान का भी इस्तेमाल करता रहेगा। आपरेशन सिंदूर के दौरान भी पाकिस्तान को मिली चीनी मदद के संकेत सामने आए हैं। इसलिए भारत को इस दोहरी चुनौती से निपटने के लिए सामरिक-रणनीतिक के अलावा कूटनीतिक एवं आर्थिक विकल्प भी तलाशने होंगे। किंगदाओ में यह झलक भी देखने को मिली कि चीन-पाकिस्तान की मौजूदगी वाले मंच पर भारत के लिए गुंजाइश सीमित होती जाएगी।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की महत्वाकांक्षा

ANALYSIS

मनोज कुमार मिश्र

भाजपा और कांग्रेस विरोधी अनेक बुद्धिजीवियों के प्रभाव में आकर केजरीवाल ने 2014 में देश भर में लोकसभा चुनाव लड़ना तय किया। भारी पराजय के बाद अपने लोगों के गुस्सा से बचने के लिए जमानत तुड़वाकर जेल गए। 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी सफलता के बावजूद रामलीला मैदान में दूसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली की जनता से जनादेश उनकी सेवा करने के लिए मिला है, वे दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। तब से लेकर अब तक उनके बयान और दावों में कितनी बार और क्यों बदलाव हुआ, यह लंबा किस्सा है। हर रोज मीडिया की सुर्खियों में रहने वाले अरविंद केजरीवाल दिल्ली में सत्ता से बाहर होने और खुद चुनाव हारने के बाद गाहे-बगाहे दिल्ली में सार्वजनिक रूप से दिख जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वे राज्यसभा के सदस्य बनने के जुगाड़ में हैं। लेकिन, उनके घर बैठने से दिल्ली विधानसभा चुनाव के कुछ ही महीनों में आआपा के वजूद पर ही सवाल उठने लगे हैं। जो हालात बनते जा रहे हैं, उसमें केजरीवाल की तुलना विदेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन चलाकर सीधे छात्र आंदोलन से असम गण परिषद राजनीतिक दल बनाकर विधानसभा चुनाव जीतकर 1985 में असम के मुख्यमंत्री बने प्रफुल्ल कुमार महंत से की जाने लगी है।

14 फरवरी 2014 को 49 दिन की सरकार जाने के कुछ ही दिनों बाद आम आदमी पार्टी (आआपा) के अरविंद केजरीवाल के बाद दूसरे नंबर के नेता मनीष सिसोदिया ने अपने मयूर विहार, फेज- दो के घर पर मुझे मिलने के लिए बुलाया था। करीब घंटे भर उनसे विभिन्न विषयों पर बात होती रही। उनकी पूरी बातचीत का निचोड़ यह था कि हम और हमारी पार्टी सत्ता के लिए बने हैं। पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी छोटी है। हम तो भाजपा नेता डॉ. हर्षवर्धन को अपने साथ लाकर मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनाना चाहते हैं, वे इसके लिए तैयार नहीं हैं (वैसे डॉ. हर्षवर्धन ने इसे पूरी तरह से निराधार बताया)। इस बातचीत के बाद सिसोदिया से अलग मिलने का मौका न मिला। लेकिन, बाद के घटनाक्रम ने एक बात तो साबित कर दी कि अरविंद केजरीवाल सत्ता के बिना नहीं रह सकते हैं और उनकी महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। भाजपा और कांग्रेस विरोधी अनेक बुद्धिजीवियों के प्रभाव में आकर केजरीवाल ने 2014 में देश भर में लोकसभा चुनाव लड़ना तय किया। भारी पराजय के बाद अपने लोगों के गुस्सा से बचने के लिए जमानत तुड़वाकर जेल गए। 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारी सफलता के बावजूद रामलीला मैदान में दूसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेते हुए कहा कि उन्हें दिल्ली की जनता से जनादेश उनकी सेवा करने के लिए मिला है, वे दिल्ली से बाहर नहीं जाएंगे। तब से लेकर अब तक उनके बयान और दावों में कितनी बार और क्यों बदलाव हुआ, यह लंबा किस्सा है। हर रोज मीडिया की सुर्खियों में रहने वाले अरविंद केजरीवाल दिल्ली में सत्ता से बाहर होने और खुद चुनाव हारने के बाद गाहे-बगाहे दिल्ली में सार्वजनिक रूप से दिख जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वे राज्यसभा के सदस्य बनने के जुगाड़ में हैं। लेकिन, उनके घर बैठने से दिल्ली विधानसभा चुनाव के कुछ ही महीनों में आआपा के वजूद पर ही सवाल उठने लगे हैं। जो हालात बनते जा रहे हैं, उसमें केजरीवाल की तुलना विदेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन चलाकर सीधे छात्र आंदोलन से असम गण परिषद राजनीतिक

दल बनाकर विधानसभा चुनाव जीतकर 1985 में असम के मुख्यमंत्री बने प्रफुल्ल कुमार महंत से की जाने लगी है। आज की तारीख में महंत की असम की राजनीति में कोई चर्चा तक नहीं होती है। 2011 के दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ समाजसेवी अन्ना हजारे के आंदोलन में शामिल अनेक नेताओं ने हजारे के मना करने के बावजूद 26 अक्टूबर 2012 को आम आदमी पार्टी के नाम से राजनीतिक दल बनाकर 2013 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ना तय किया। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में 2013 का विधानसभा चुनाव लड़ा गया। पहले ही चुनाव में बिजली-पानी फ्री का मुद्दा कारगर हुआ। आआपा को 70 सदस्यों वाली विधानसभा में करीब 30 फीसद वोट और 28 सीटें मिली। भाजपा ने करीब 34 फीसद वोट के साथ 32 सीटें जीती और दिल्ली में 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस को 24.50 फीसद वोट के साथ महज आठ सीटें मिलीं। भाजपा के मना करने पर आआपा ने कांग्रेस से बिना मांगे समर्थन से सरकार बनाई। नियम का पालन किए बिना लोकपाल विधेयक विधानसभा में पेश करने से रोके जाने के खिलाफ 49 दिन पुरानी सरकार ने इस्तीफा दिया। दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा। 2014 के लोकसभा चुनाव में आआपा ने देश भर में चुनाव लड़ना तय किया। खुद केजरीवाल भाजपा के प्रधानमंत्री के घोषित उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के खिलाफ बनारस चुनाव लड़ने पहुंच गए। वे तो बुरी तरह से हारे ही आआपा के ज्यादातर प्रमुख नेता लोकसभा चुनाव लड़े और पराजित हुए। केवल पंजाब में चार सीट आआपा जीत पाई। बाद में उसमें से दो सांसद आआपा से अलग हो गए और 2019 के लोकसभा चुनाव में केवल अभी के मुख्यमंत्री भगवंत मान चुनाव जीते। 2024 में उसे केवल पंजाब में ही तीन सीटें मिली। 2014 के चुनाव में केजरीवाल ने बड़ा सपना देखा था, वे परिणाम से इतने आहत हुए थे कि कार्यकताओं का गुस्सा शांत करने के लिए जबरन जमानत तुड़वाकर जेल गए। इतना ही नहीं एक-एक करके पार्टी के दिग्गजों-पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण, वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, प्रो. आनंद कुमार इत्यादि को पार्टी से बाहर किया। बाद में कुमार विश्वास समेत अनेक दिग्गज नेता बाहर हुए। कहा गया कि आआपा में वही रह सकता है, जो केजरीवाल के किसी फैसले पर सवाल न उठाए। बावजूद इसके, आआपा को कई बड़ी सफलता मिल गई। कांग्रेस की कमजोरी और भाजपा की अधूरी तैयारी के चलते और बिजली-पानी फ्री करने के वादे ने आप को 2015 के चुनाव में दिल्ली विधानसभा में रिकार्ड 54 फीसदी वोट के साथ 67 सीटों पर जीत दिलवा दी। उस चुनाव के बाद पार्टी में अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक कद और बढ़ गया। दोबारा मुख्यमंत्री बनते ही उन्होंने दिल्ली से बाहर पार्टी को न ले जाने का घोषणा कर दी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि पार्टी को वोट उनके नाम से मिलते हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में फिर उन्होंने रिकार्ड 54 फीसद वोट के साथ 62 सीटें जीती। 2017 के गोवा विधानसभा चुनाव में तो आआपा को कोई सफलता नहीं मिली, लेकिन पंजाब में बेहतर नतीजे मिले। 117 सीटों की विधानसभा में कांग्रेस को 77 सीटें और आआपा को 20 सीटें मिली। इस बार आआपा ने शानदार जीत दर्ज की। उसे न केवल 92 सीटें मिली और उसकी दिल्ली से बाहर सरकार बनी। गुजरात और गोवा में चुनाव लड़कर आआपा अखिल भारतीय पार्टी बन गई। सत्ता ने उन्हें आम आदमी से खास आदमी बना दिया। नेता अरविंद केजरीवाल अपने पुराने वादे ही नहीं भूले, आम नेताओं से आगे निकलकर सरकारी कोठी को भव्य कोठी (विपक्षी दल शीशमहल कहते हैं) बनाकर रहने लगे। दिल्ली सचिवालय के अपने आधुनिक कार्यालय में भी उन्होंने करोड़ों रुपये खर्च करके काफी बदलाव कर उसे भी आलीशान बनवाया। उन्होंने जंतर-मंतर, रामलीला मैदान में लोगों के बीच जाना छोड़ ही दिया था। सुरक्षा के भारी ताम-झाम से उनकी लोगों से दूरी बढ़ी और जिस वीआईपी कल्चर का विरोध करके राजनीति में आए उसी कल्चर के प्रतीक बन गए। कट्टर ईमानदार राजनीति का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी के शराब घोटाले आदि भ्रष्टाचार में फंसने के बाद उन्हें उस जंतर-मंतर की याद आई, जहां से उन्होंने अपने राजनीतिक गुरु अण्णा हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाया था। शराब घोटाले में कई बड़े नेताओं के जेल जाने के बाद खुद केजरावाल जेल गए। उन्होंने जेल से सरकार चलाने का अनोखा रिकार्ड बनाया। विधानसभा चुनाव से कुछ ही दिन नया राजनीतिक दांव चलते हुए धुर वामपंथी माता-पिता की संतान आतिशी को पहले मुख्यमंत्री और विधानसभा चुनाव हारने के बाद विपक्ष का नेता बना दिया। भाजपा और कांग्रेस आदि दल आआपा पर शहरी नक्सली होने का आरोप लगाते रहे हैं। आआपा से बागी हो गई राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने आतिशी के मुख्यमंत्री बनाने पर उनके अभिभावकों और खुद आतिशी के धुर वामपंथी होने का सवाल उठाया। 2025 के विधानसभा चुनाव में एक यह भी मुद्दा बना। 2024 का लोकसभा चुनाव और 2015 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल ने अपने को प्रताड़ित करने का मुद्दा बनाने की असफल कोशिश की। 70 सदस्यों वाली विधानसभा चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ 27 साल बाद सत्ता में लौटी।

सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाएं

आज रेयर अर्थ पर चीन का दबदबा वैश्विक चुनौती है। भारत सहित कई देशों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली बार मोदी सरकार ने रेयर अर्थ पर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए हैं। यह आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए जरूरी भी है। भारत और अमेरिका सहित अनेक देश इस कवायद में लगे हुए हैं। रेयर अर्थ धरती के गर्भ में पाए जाने वाले दुर्लभ खनिज हैं। इनके बगैर ऑटोमोबाइल और सैन्य-रक्षा सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का निर्माण संभव नहीं। रेयर अर्थ की श्रेणी में आने वाले दुर्लभ खनिज केवल वाणिज्यिक,औद्योगिक संसाधन मात्र नहीं हैं, ये तकनीकी संप्रभुता, रक्षा तैयारियों और भविष्य की औद्योगिक,आर्थिक व सैन्य महाशक्ति बनने की संभावनाओं की नींव हैं। इनमें भी रेयर अर्थ मैग्नेट खासा महत्वपूर्ण है। रेयर अर्थ मेटल 17 धातु तत्वों का एक समूह है। इसमें 15 लैंथेनाइड्स धातुओं के अलावा स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। इनमें चुंबकीय, ल्यूमिनसेंट और इलेक्ट्रोकेमिकल के विशेष गुण होते हैं, जिनका उपयोग आधुनिक उच्च तकनीक उद्योग में किया जाता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और इलेक्ट्रिक वाहन बनाने के साथ मिसाइल, रडार और अत्याधुनिक हथियार बनाने के लिए दुर्लभ खनिज ही चाहिए। इसके अलावा रिन्यूवल एनर्जी, विंड टर्बाइन और सोलर पैनल, सुपर कंडक्टर, हाइ प्लग्स, मैग्नेट, इलेक्ट्रिक पॉलिसिंग, ऑयल, रिफाइनरी में केटिलिस्ट, हाइब्रिड कलर कंपोनेंट एवं बैटरी, लैजर, एयरोस्पेस के लिए भी ये अनिवार्य तत्व हैं। रेयर अर्थ मैग्नेट सामान्य आयरन मैग्नेट से 20 गुना अधिक ताकतवर होता है और कारों तथा कई अन्य उपकरणों में लगने वाली इलेक्ट्रिक मोटरों को बनाने के लिए जरूरी है। यूएस भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण डेटा पर आधारित एक नए ग्लोबल मैप के मुताबिक यूं तो कई देशों में इन दुर्लभ तत्वों के भंडार हैं, लेकिन सर्वाधिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार है। चीन के बाद अफ्रीका,मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में प्रचुर मात्रा में जस्ता, लिथियम और कोबाल्ट के भंडार हैं, जो रिन्यूवल एनर्जी के लिए सबसे ज्यादा जरूरी हैं। वहीं चिली और ब्राजील में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक लिथियम भंडार हैं, तो यूक्रेन में टाइटेनियम और लिथियम और ग्रीनलैंड में दुर्लभ अर्थ मेटल्स और प्राकृतिक गैस के विशाल भंडार हैं। दिक्कत यह है कि इन देशों में इसकी खुदाई और प्रोसेसिंग बहुत महंगी है। इससे भारी मात्रा में प्रदूषण भी निकलता है। इन सबमें चीन के पास ही इनकी प्रोसेसिंग की क्षमता है। वर्तमान में दुलर्भ पृथ्वी धातुओं का 61 प्रतिशत भंडार चीन में है और पूरी दुनिया में 90 फीसदी वही निर्यात करता है। इन तत्वों को एक-दूसरे से अलग करना बेहद जटिल है। इसीलिए इन्हें रेयर माना जाता है। रेयर अर्थ की वैश्विक सप्लाई चेन में चीन का दबदबा है। आधुनिक इंडस्ट्री में इनका महत्व यों समझा जा सकता है कि चीन ने जब अप्रैल में रेयर अर्थ मैग्नेट समेत छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया तो वैश्विक कंपनियों में खलबली मच गई और ऑटोमोबाइल उद्योग को विशेष रूप से झटका लगा, क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले शक्तिशाली इंजन मैग्नेट नियोडिमियम से बनते हैं। भारत में भी टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज मोटर्स दबाव में आ गए। सुजूकी कंपनी को अपनी स्विफ्ट कार का निर्माण कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। ऐसा नहीं है कि भारत में ये दुर्लभ तत्व नहीं मिलते। भारत के पास तो विश्व में पांचवां सबसे बड़ा दुर्लभ खनिज भंडार है- करीब 6.9 मिलियन मीट्रिक टन। दुनिया में भारत की हिस्सेदारी छह फीसद है। इनमें केरल में थोरियम सैंड के अलावा आंध्र प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान में भी इसके भंडार हैं। लेकिन, दुनिया भर की आपूर्ति का भारत में महज एक प्रतिशत हिस्सा ही उत्पादित होता है। इन खनिजों की तलाश, खदान का काम अब तक मोटे तौर पर सरकार के जिम्मे रहा है। ब्यूरो आफ माइंस और परमाणु ऊर्जा विभाग यह काम करते रहे हैं। खनन और शोधन का काम इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड के पास रहा है, लेकिन यह विडंबना है कि भारत अभी ऐसी तकनीक, मैकेनिज्म नहीं खड़ा कर पाया है, जो इन खनिजों से मैग्नेट बनाकर खुद की जरूरतें पूरी कर सके। भारत में जितने भी दुर्लभ अर्थ मैग्नेट उपयोग में आते हैं, वे अधिकतर चीन से आयात किए जाते हैं। वर्ष 2023-24 में भारत ने 2270 मीट्रिक टन और पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 53,748 मीट्रिक टन मैग्नेट आयात किए। इनका करीब अस्सी फीसद चीन से ही आयात हुआ। इस हालात को देखते हुए भारत ने अपने दुर्लभ खनिजों को रणनीतिक संपत्ति की तरह देखना शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के चलते भारत ने पिछले 13 वर्षों से जापान के साथ चल रहे समझौते को निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड द्वारा खनन किए गए दुर्लभ खनिज, विशेषकर नियोडिमियम जापान भेजे जाते थे, लेकिन भारत ने तय किया है कि वह अपने घरेलू उद्योगों की जरूरतों को प्राथमिकता देगा और चीन पर निर्भरता कम करेगा। इसी उद्देश्य के साथ इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड ने सरकार से घरेलू स्तर पर प्रसंस्करण और रिफाइनिंग की क्षमता विकसित करने के लिए चार नए खदानों की मंजूरी मांगी है। इसी रणनीति के तहत ओडिशा में एक एक्सट्रैक्शन प्लांट और केरल में एक रिफाइनिंग यूनिट भी स्थापित की गई है। राजस्थान के जोधपुर संभाग के बालोतरा क्षेत्र की सिवाना और आसपास की पहाड़ियों में इन दुर्लभ खनिजों की मौजूदगी पर केंद्र सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग की आधिकारिक पुष्टि के बाद जोधपुर में रेअर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर बनाने का प्रस्ताव भी सरकार के पास है।

Social Media Corner

सच के हक में...

उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक यह समय कई पवित्र यात्राओं का है, जिनमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भाव निहित है। ये धार्मिक यात्राएं श्रद्धा और सेवा का महाअनुष्ठान भी हैं। तेलंगाना के भद्राचलम और कर्नाटक के कलबुर्गी सहित देशभर की हमारी माताओं-बहनों और बेटियों की ऐसी कई कहानियां हैं, जो बताती हैं कि कैसे वे अपने साथ ही देश का भाग्य भी बदल रही हैं। मध्य प्रदेश के बालाघाट की सुमा उइके जी ने यह साबित कर दिखाया है कि जज्बा हो तो कैसे हमारी माताएं-बहनें भी बिजनेस वुमन बन सकती हैं।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

ये 18वीं सदी नहीं है, पर झारखंड के गांवों में हालात अभी भी वही हैं। सिमडेगा ज़िले के चुंदियारी गांव में एक बुजुर्ग महिला गंगो देवी के कमर में गंभीर चोट आई, लेकिन गांव में न सड़क थी, न स्वास्थ्य सुविधा, न एम्बुलेंस पहुंची। मजबूर परिजन खाट पर लादकर तीन किलोमीटर पैदल चले। शर्म की बात ये है कि ये सब उस राज्य में हो रहा है, जहाँ हेमंत सरकार ने इस साल बजट में स्वास्थ्य पर ₹3497 करोड़ और सड़कों व पुलों के लिए ₹5300 करोड़ खर्च करने की घोषणा की थी। पिछले साल यही राशि ₹7223 करोड़ और ₹6389 करोड़ थी। इतना पैसा गया कहां? इसका जवाब तो हम सबको पता है। जब भ्रष्टाचार करने की बात आती है, तो हेमंत सरकार सुरसा से भी बड़ा मुंह खोल लेती है। लेकिन जब व्यवस्था को लेकर सवाल किया जाए, तो मुख्यमंत्री और मंत्री गूंगे बहरे बन जाते हैं।

(बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

विश्व की नई आर्थिक शक्ति बनेगा भारत

हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने देश को आर्थिक और सामरिक क्षेत्र में मजबूत बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया। अब भारत को दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की चुनौतियों से मुकाबले के लिए उन्नत एआई से संपन्न एवं आर्थिक रूप से सशक्त देश बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का विश्लेषण बताता है कि अब युद्ध में एआई और आर्थिक ताकत की अहमियत बढ़ गई है और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हो रही है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है और उससे भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं, अतः भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाना होगा। इसके लिए जरूरी है सरकार, विज्ञानी, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और जनता एकजुटता दिखाए। भारतीय अर्थव्यवस्था जिस तेजी से बढ़ रही है, उसे देखते हुए देश की वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की उम्मीद बढ़ी है। इजरायल-ईरान युद्ध की चुनौतियों के बीच भारत बहुआयामी आर्थिक सुधारों के बल पर मजबूती के साथ खड़ा है। इस युद्ध से कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट आई, वहीं भारत बेहतर स्थिति में रहा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ा। भारत का बड़ा घरेलू बाजार, निर्यात पर कम निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति और कृषि क्षेत्र में सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों से झेलने में सक्षम बनाया है। युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है। इजरायल-ईरान युद्ध से जहां दुनिया में महंगाई बढ़ी, वहीं भारत में घटी। भारत की खुदरा महंगाई दर महज 2.82 प्रतिशत और थोक महंगाई दर महज 0.39 प्रतिशत है। यह पिछले 14 महीनों का सबसे निचला स्तर है। देश के खाद्यान्न भंडार में एक साल से भी अधिक की जरूरतों को पूरा करने लायक गेहूं और चावल हैं। कृषि उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक इस वर्ष खाद्यान्न उत्पादन लगभग 6.5 प्रतिशत बढ़कर 35.39 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकता है। युद्ध के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना रहा। इस समय भारत के पास 699 अरब डालर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई देगा। भारत को दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना चाहिए। चीन से आयात में कमी लाकर व्यापार घाटा नियंत्रित किया जाना चाहिए। चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब डालर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डालर था। ब्रिटेन के बाद अब अमेरिका और यूरोपीय संघ से नए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौते कर व्यापार घाटे में कमी लाई जा सकती है। भारत को ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल सहित खाड़ी के प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देना चाहिए। सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई) तेज विकास एवं रोजगार के लिए एक कारगर माध्यम बन सकते हैं। एमएसएमई निर्यात बढ़ाते हुए आयात नियंत्रित करके आर्थिक चिंताए कम कर सकते हैं। इस समय भारत का सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण भारत को सेवा निर्यात की वैश्विक राजधानी के रूप में देखा जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डालर रहा।

फुस्स रणनीतिक दांव

ईरान और इजरायल के बीच 12 दिन का युद्ध तनावपूर्ण संघर्षविराम के साथ खत्म हुआ। इजरायल का दावा है कि उसने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बरसों पीछे धकेल दिया है। लेकिन, हकीकत कहीं ज्यादा जटिल है। ईरान ने भारी नुकसान झेला है। उसके मुख्य परमाणु ठिकानों पर हमला किया गया, शीर्ष कमान का बड़ा हिस्सा खत्म कर दिया गया और उसके हवाई रक्षा उपाय वस्तुतः अप्रभावी साबित हुए। कुल 600 से ज्यादा लोग, ज्यादातर असैनिक मारे गए। ईरान ने जो गंवाया है, उसे दोबारा बनाने में अगर दशकों नहीं, तो वर्षों जरूर लगेंगे। फिर भी जंग में जीत और हार केवल भौतिक नुकसान से नहीं मापा जाता। नुकसान और स्पष्ट शक्ति असंतुलन के बावजूद तेहरान ने झुकने से इनकार कर दिया। ईरान सरकार 13 जून के शुरूआती सदमे से तेजी से बाहर निकली और बैलिस्टिक मिसाइल व ड्रोन हमलों के जरिए उसके लगातार जवाबी अभियान ने इजरायल की उस बहुस्तरीय हवाई प्रणाली की कमजोरियां उजागर की, जिसकी तारीफों के पुल बांधे जाते थे। वहां मौतें हुईं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, जिन्होंने पहले यह दावा किया कि उनके अभियान से ईरान में निजाम बदल सकता है, आखिरकार संघर्षविराम स्वीकार करने पर मजबूर हुए, जिसकी घोषणा अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु संयंत्रों पर प्रहार के बाद हुई। तेहरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान द्वारा कतर और इराक में अमेरिकी अड्डों पर प्रतीकात्मक प्रहार किए जाने के बाद संघर्ष मद्धिम पड़ने का एलान किया। इस युद्ध के क्षेत्रीय व्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। ईरान ने खुद को इजरायल के प्रतिसंतुलन के रूप में दोबारा पेश किया है अन्यथा पश्चिम एशिया एकध्रुवीय ही था। तेहरान अपने पारंपरिक आयुद्ध भंडार को दोबारा बनाएगा। रूस और चीन के साथ रिश्ते मजबूत करेगा और इस क्षेत्र में संबंधों को नए सिरे से निर्मित करेगा।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Election Commission must justify need for Bihar voter roll revision

The Election Commission of India (ECI) has announced a special intensive revision (SIR) of electoral rolls in Bihar just weeks before the likely notification of assembly elections. Such revisions, when conducted this close to polling, are extraordinary and must meet a high bar of justification. Yet no explanation, let alone evidence, has been offered for why this exercise is necessary now. Instead, the justification has taken a familiar and troubling shape: vague and unsubstantiated claims about "illegal voters" and "cross-border infiltration".If this is not a damning indictment of the ministry of home affairs' failure in protecting our borders, then it is definitely dog-whistling to create a pretext for the possibility of large-scale manipulation. The pattern is unmistakable and, to the opposition parties, the objective seems transparent: to manipulate voter rolls in a manner that systematically excludes minorities and the poor.This is not the first time such tactics have been deployed. In the run-up to the 2024 Lok Sabha elections and subsequent state elections in Maharashtra, lakhs of names were added to the electoral rolls in a short period. Opposition parties have raised valid concerns about the sudden spike and the unusually high late-evening turnout surges. The ECI has refused to release digital, machine-readable electoral rolls or polling-day CCTV footage.Also, ahead of the elections,right-wing commentators and academics belted out dubious 'studies' raising unfounded alarms about "illegal voters". The exercise was repeated in Delhi right before the 2025 assembly elections. No other official data supported these claims.The fear-mongering in the name of "illegal migrants" or "bogus voters" used to be an ideological fringe position—it has become a tool of institutionalised disenfranchisement. This framing is used to justify aggressive and opaque revisions of electoral rolls that disproportionately target Muslim, Dalit and poor migrant communities. Now the ECI is echoing this language without any evidence and without accountability.There is a conspicuous absence of data and a deliberate invocation of public anxiety around border security and demographic change. The shift from dog-whistle politics to executive action—particularly by a constitutional body like the ECI—is a dangerous point.

The ECI must conduct a thorough and honest investigation into these allegations if India's reputation as a democracy is to survive. The Constitution of India, under Article 324, entrusts the ECI with the conduct of free and fair elections. This does not just mean ballot secrecy or smooth polling logistics, it means ECI is constitutionally bound to protect the integrity of the electorate. This integrity is compromised when entire communities are asked to prove their right to vote without a shred of evidence against them.

These allegations are not speculation of losers. Research by Sabyasachi Das has demonstrated that in the 2019 Lok Sabha elections, BJP candidates won a disproportionate number of tightly contested seats, especially in BJP-ruled states. His analysis points to patterns consistent with the possibility of 'manipulated' rolls and irregularities in voter turnout data, not campaign strength. Economist Abusaleh Shariff, who was a member of the Sachar Committee, conducted voter roll audits in Karnataka that revealed nearly 20 percent of adult Muslims were missing from the electoral list, while 30-35 percent of Muslim households had only one listed voter. These patterns are not random— they are engineered exclusions.

There's something about Zohran K Mamdani

THE GREAT GAME: The Indian American New York mayoral candidate is perhaps reminding us of the idea of India, a sort of One Nation, Many Melting Pots

Who's afraid of Zohran Kwame Mamdani? The 33-year-old Democrat candidate for New York mayor, whose many names are clearly more than a sum of its parts, has stirred and shaken half the globe in recent days — from Donald Trump ("he's a Communist lunatic") to Congress leader Abhishek Manu Singhvi ("when he opens his mouth, Pakistani PR takes the day off"), to frothing right-wingers like Kangana Ranaut ("he's ready to wipe out Hinduism").So what is it about this suited-booted young man that's got the whirlwind in his sail? Let's start with the names — the middle a reference to the Marxist Socialist first prime minister of Ghana; the last to his father, a Gujarati-Muslim scholar from Uganda, now a professor of international affairs and anthropology at Colombia University; the first to an Arabic word that means 'a ray of light.' As for his mother, she is the Hindu Punjabi documentary film-maker Mira Nair, who we all know has made both Monsoon Wedding and Mississippi Masala. Zohran's wife, meanwhile, is Syrian and works in animation.The young man himself identifies as "democratic socialist". He reached across New York City's several divides — Black and South Asian, Hispanic and White and Chinese — to win 92 per cent of the Democratic vote to secure his seat as the party candidate earlier this week. He fought for basic issues like free bus fares, free child-care and controlled public housing rentals. He and his large band of volunteers invoked the old-fashioned principles of politics to go from house-to-house to ask for votes — a bit like what the RSS still does, what the Congress has forgotten to do, and what the Aam Aadmi Party once did back in the day.

Some of Zohran's comments are, clearly, more hearsay than fact — and, yes, he should be far more careful, even if he's 33. For example, he said last month that so many Muslims were killed in the 2002 riots in Gujarat that "people don't even believe we exist anymore." (In fact, there are 5.8 million Muslims in Gujarat.) He has likened PM Modi to Benjamin Netanyahu, who he described as a "war criminal." (In 2022, the Supreme Court upheld the SIT's clean chit and cleared the PM of any connection with the 2002 riots.)Notwithstanding the blood-letting in states like Mizoram — when the Indian Air Force in 1966 strafed Mizos seeking to secede from India — and later in Jammu & Kashmir, Punjab and Chhattisgarh, the Indian state has largely stayed away from carrying out mass violence against its own people; even in Chhattisgarh, Congress rulers gave up the 'Salwa Judum' vigilante movement it had orchestrated in 2005 to contain Left-wing extremism, which meant that tribals were killing tribals, as a bad idea.Manipur, in the last two years, remains a continuing exception.

And yet there's something about Zohran. In 2023, as a member of the New York state Assembly, he read from the notes of jailed student Umar Khalid about "the stillness in Tihar jail" — where he remains jailed, under several sections of the UAPA, for his alleged role in the 2020 Delhi riots. It will be 1,749 days, today, of Khalid's incarceration, nearly five years of living in a cell, but charges have still not been framed against the young man.

Perhaps some of Zohran's incredible popularity is simply a reminder of what we once were — less cynical, braver, and determined to rearrange our societies so as to make them more egalitarian. He clearly likes to break down the walls, as Robert Frost once wrote, wondering what the functions of walls were — what were they walling in, or walling out. He likes to open the windows and let the air come in, as Gandhi once said was the function of windows.In an interview with Vogue India in 2020, soon after he became a member of the NY Assembly, Zohran talked about the run-up to his campaign when he was advised to be "less desi." Instead, he spoke of his own immigrant experience and called it "Roti and Roses." There was a video called 'Nani,' a "woke granny," featuring the star Madhur Jaffrey. As he walked across the city, he said, he listened to Meesha Shafi, Ali Sethi and Dr Zeus.

Perhaps the fact that he's simply not embarrassed to be a bit of this and a bit of that, is what's so charming about Zohran. He reminds us of the ceaseless ebb and flow that is the dharma of the Indian subcontinent — aham brahmasmi, I am brahman, the idea of a philosophy that incorporates the spurning of hierarchy, the inclination to pray to a multitude of gods or none, the refusal to be defined by inherited caste, class, gender.

Zohran's father told The New York Times this week that when they lived in South Africa when he was a child and all the children in Zohran's class were asked to identify themselves as White, Black or Coloured, Zohran described himself as "mustard." Yellow. The colour of haldi in a khichri.

Dumping threat looms elsewhere as India nears U.S. deal

While the contours of the proposed deal are unknown, it's likely that it would enhance economic partnership, transform bilateral trade and lower tariffs, making products competitive across sectors

Donald Trump has dropped a big hint about signing a "very big" trade deal with India. The remarks, coming ahead of his July 9 deadline for striking deals or resuming 'reciprocal' tariffs, offer a significant relief for markets, policy makers and industry. Tariff-related uncertainties have triggered a massive sell-off in global and domestic equity markets, with foreign portfolio investments remaining volatile. While the contours of the proposed deal are unknown, it's likely that it would enhance economic partnership, transform bilateral trade and lower tariffs, making products competitive across sectors such as energy, agriculture, defence and aviation. It's also possible that India would gain market share in some American sectors owing to lower tariffs; although the gains would depend on India's comparative advantage against other countries. The anticipated direct export loss is pegged at $14 billion, amounting to 0.38 percent of India's GDP, according to a working paper published by the National Institute of Public Finance and Policy.

The export basket might change, too. Some of India's top 10 exports to the US—including electronic goods and gems & jewellery—may lose market share as competing countries are subject to lower tariffs on these products. On the other hand, we may gain in the footwear, apparel, electrical machinery and toy markets. For instance, according to the NIPFP paper, China, Vietnam, Indonesia, Italy and Cambodia account for 45.5 percent of the total in footwear exports to the US. Even if China is excluded, India can potentially corner a bigger share from Vietnam and Indonesia, which are subject to much higher tariffs of 46 percent and 32 percent, respectively. Similar opportunities exist in the furniture and sports equipment markets, tooAt the same time, a multi-product, multi-country dumping threat looms over India. We should be watchful as China, Vietnam, Taiwan and others facing higher tariffs look to flood us with cheaper goods. While India reduces the tariff deficit with the US, it needs to offer calibrated concessions on select US goods like aerospace components. We should secure sector-specific exemptions, negotiate duty waivers for auto components and electronics, and diversify export markets away from the US, pursuing opportunities in the EU, the UK and ASEAN. Above all, India should strengthen domestic manufacturing, boost Make in India initiatives in key areas such as semiconductors, renewable energy and electronics to reduce import reliance and attract investments.

Why India's tailpipe pollution regime needs urgent reform

The air quality discourse appears to have increasingly turned punitive over the years. From banning older vehicles to restricting fuel access for "over-aged" vehicles, Delhi appears to be shifting all its environmental responsibility onto vehicle owners

The Commission for Air Quality Management recently directed that all end-of-life vehicles (ELV) will not be given fuel in Delhi starting July 1, 2025. While the move reflects an intent to curb vehicular pollution to address the Delhi-NCR's chronic air quality crisis, it distracts from the deeper malaise: the failure to strictly enforce emission compliance on all vehicles on the road, not just the old ones. The air quality discourse appears to have increasingly turned punitive over the years. From banning older vehicles to restricting fuel access for "over-aged" vehicles, Delhi appears to be shifting all its environmental responsibility onto vehicle owners. Using vehicle age as a proxy for pollution, it overlooks the complex relationship between fuel, engine maintenance, and usage. A closer look into the systemic architecture such as unrenewed emission verification norms, regulatory gaps in testing frameworks, and poor enforcement of fuel efficiency standards reveals a troubling reality: India's policy focus is targeting the tailpipe without reforming the pipeline.Age vs. Emissions: A Scientific Disjunct India's air pollution control framework, influenced by European emission regulations and early 2000s Supreme Court rulings, has evolved into the Bharat Standards (BS). Judicial decisions force diesel vehicles off the roads after 10 years and petrol after 15, regardless of compliance with the set emission standards. This approach that prioritises age over actual emissions creates a disjunct: a well-maintained BS-IV vehicle running on petrol or diesel and regularly passing pollution tests must be scrapped, while newer, but poorly maintained vehicles can continue to operate. Originally a thumb rule to compensate for limited available enforcement facilities, this blanket age-based criterion needs replacement by more granular, real-time metrics using emission data, owing to the changes in the air pollution index in Delhi-NCR. While in 2000s, studies attributed vehicular contributions to PM2.5 emissions at around 25 per cent, today, other denser sources such as construction dust, industrial emissions, and seasonal fires also contribute significantly to Delhi's pollution.

Systemic Gaps in Enforcement

A 2022 CAG report also highlighted systemic deficiencies in Delhi's vehicle fitness testing regime. As of 2021, automated testing centres comprised just 12 pc of testing capacity and were used at only 5 pc of their capacity. Manual centres, which rely on visual checks and cannot assess pollutants like NOx and PM2.5, handled 95 pc of tests. This opacity allows manipulation and undermines vehicle fitness declarations, rendering the PUC regime toothless.Furthermore, Delhi's vehicle scrapping ecosystem is also ineffective with most ELVs ending up with unauthorised scrap dealers or are resold in states with laxer rules, merely shifting pollution elsewhere. Instead of modernising outdated frameworks using data-driven, performance-based criteria, the government is forcing people to scrap or replace functional vehicles that may still meet existing testing norms. The approach also overlooks circular economy principles, and the embedded emissions associated with manufacturing new vehicles.

This blanket approach also unfairly affects senior citizens, who may be maintaining their vehicles well, drive sparingly, and use them for essential mobility. Additionally, it may be putting significant financial strain and inequitably penalises all those who have vehicles but prefer to use public transport.The Overlooked Efficiency Gap

Each year, Delhi-NCR faces severe air pollution, yet responses such as the Graded Response Action Plan and the odd-even scheme remain short-term measures. A robust fuel and emissions control strategy is now critical — one that allows even older, well-maintained vehicles to remain compliant.Tailpipe emission verification is key and must be enforced rigorously along with tightening of the emission norms. Regular checks can identify high emitters and ensure compliance, addressing real-world emissions. With the planned installation of ANPR cameras, Delhi can create an automated system to restrict entry for high-emitting vehicles based on real-time data. Vehicle profiles (linked to VAHAN data) could include fuel type, age, emissions and PUC compliance status, and past testing history, supplemented by remote sensing devices. Such a system, free of human tampering, would allow well-maintained vehicles to continue while restricting true polluters – irrespective of the vehicle age.Furthermore, authorities can consider transferable scrapping credits linked to Aadhaar and vehicle registration, which can reward owners scrapping vehicles with incentives or offset allowances for new purchases or public transport usage. Such market-based mechanisms have a better chance of nudging behavioural change more efficiently than blanket bans.

Big Relief For NRIs: US Senate Cuts Proposed Remittance Tax From 3.5% To 1%

The revised proposal is expected to benefit around 2.9 million Indians living in the U.S.—the second-largest immigrant group in the country, according to the Migration Policy Institute.



New Delhi. Indian expats in the U.S. may soon get some relief on money transfers back home. The final draft of the 'One Big Beautiful Bill Act', backed by former President Donald Trump, now proposes slashing the remittance tax to just 1 per cent. This is a major reduction from earlier versions which suggested a 5 per cent levy, later brought down to 3.5 per cent in the House proposal.

The revised proposal is expected to benefit around 2.9 million Indians living in the U.S.—the second-largest immigrant group in the country, according to the Migration Policy Institute. As per The Economic Times, the Senate's latest draft, released on Friday, limits the 1 per cent remittance tax only to physical transfers like cash, money orders, or cashier's cheques. Transfers made through bank accounts, credit or debit cards, and official financial channels will remain tax-free.Lloyd Pinto, Partner–US Tax at Grant Thornton Bharat, shared that Senate Republicans have released an updated draft of the proposed 'One Big Beautiful Bill Act' and are aiming to get it passed by their self-imposed deadline of July 4"The updated Senate version significantly changes the remittance transfer provisions that was passed by the House Republicans. In the latest Senate draft, the remittance transfer tax has been reduced to 1 per cent from the erstwhile proposal of 3.5 per cent," he said.Interestingly, the Senate's proposal does not include transfers made through bank accounts or using debit and credit cards issued in the U.S.

The 1 per cent remittance tax will apply only to transfers where the sender uses cash, money orders, cashier's checks, or similar physical payment methods. This new rule is set to take effect from January 1, 2026."This should come as a huge relief for the NRI community in the U.S.," said Pinto, "as they won't have to pay the remittance tax if they send money through accounts with designated U.S. banks or use debit or credit cards issued in the country.

